seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 288 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | श्रीगंगानगर, बुधवार, 21 अक्टूबर, 2026 | seema-sandesh.com

LOVED IN 100 COUNTRIES

BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN

नया 125

5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 3 राइड मोड्स | मोनोशॉक सस्पेन्शन

इस उत्सव सिर्फ pulsar

₹12 000/- की बचत

कैश ऑफर | NIL प्रोसेसिंग शुल्क | 5 फ्री सर्विसेस

नया N160 SS

इंटेलिजेंट थ्रॉटल | 5" TFT कंसोल गूगल मैप्स के साथ | 4 राइड मोड्स

	125	NS 125	N160 S/SS	N250	NS 400
एक्स-शोरूम कीमत	₹94 199/-	₹1 02 548/-	₹1 21 988/-	₹1 45 459/-	₹1 86 806/-
कैश ऑफर	₹2 500/-	₹2 500/-	₹3 000/-	₹3 000/-	₹5 000/-
PF सेविंग्स + 5 फ्री सर्विसेस	₹3 500/-	₹3 700/-	₹4 500/-	₹4 900/-	₹7 000/-
कुल बचत	₹6 000/-	₹6 200/-	₹7 500/-	₹7 900/-	₹12 000/-

pulsar DEFINITELY DARING

Flipkart amazon.in पर भी उपलब्ध*

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE

72198 21111

SHRIRAM Finance | L&T Finance | TATA CAPITAL

*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफर से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती है. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Sriganganagar: SHREE AMBA BAJAJ 9413385023 • Hanumangarh GANPATI BAJAJ 9462207055. Bikaner: GANPATI BAJAJ 8094444525, 0151-2945514.

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब श्रीगंगानगर में...

एलन शार्प, एसेट व टैलेंटेक्स से मिलेगी 90% तक स्कॉलरशिप



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

देश में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए विख्यात एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड अब राजस्थान के महत्वपूर्ण शहर श्रीगंगानगर में भी ऑफलाइन क्लासरूम कोचिंग की सेवाएं देगा। इसकी विधिवत घोषणा होटल लेमन ट्री में आयोजित भव्य समारोह में की गई। समारोह में मुख्य अतिथि गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, विशिष्ट अतिथि इंटेलीजेंस ब्यूरो के एसपी तेजेन्दर सिंह संधु, एलन कोटा के प्रेसीडेंट विनोद कुमावत, वाइस प्रेसीडेंट एवं जोनल हेड अरूण जैन, डिप्टी जोनल हेड सुरेन्द्र सहारण तथा एलन श्रीगंगानगर के सेंटर हेड आदित्य भारद्वाज ने संस्थान का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान एलन की सीनियर फैकल्टीज, पूर्व छात्र, स्थानीय शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

घर के पास साकार होंगे विद्यार्थियों के सपने : समारोह को संबोधित करते हुए एलन के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। श्रीगंगानगर में शाखा का विस्तार इसी दिशा में उठाया गया कदम है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को श्रेष्ठ शिक्षा और उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी।

एलन राजस्थान के जोनल हेड अरूण जैन ने कहा कि चार दशकों के गहन अनुभव से ऐसा अकादमिक सिस्टम तैयार किया गया है, जो देश को सर्वाधिक डॉक्टर्स व इंजीनियर्स दे रहा है। अब विद्यार्थियों को घर के नजदीक ही कोटा जैसी गुणवत्तापूर्ण कोचिंग का अवसर मिलेगा।

90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप व 13 दिसंबर को शार्प परीक्षा

डिप्टी जोनल हेड सुरेन्द्र सहारण ने बताया कि विद्यार्थियों को बेस्ट स्टडी मेटीरियल और अनुभवी फैकल्टीज का मार्गदर्शन मिलेगा। विद्यार्थी एलन शार्प एग्जाम, एलन टैलेंटेक्स, एसेट और डायरेक्ट मोड से प्रवेश ले सकते हैं। इन परीक्षाओं के माध्यम से 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप उपलब्ध कराई जाएगी। कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'एलन शार्प' परीक्षा 13 दिसम्बर को आयोजित होगी। श्रीगंगानगर में शिव चौक के पास बालाजी स्क्वायर स्थित क्लासरूम कैम्पस में नीट-यूजी, जेईई मेन व एडवांस्ड, कक्षा 6 से 10 तक के नेशनल-इंटरनेशनल ओलम्पियाड और बोर्ड कक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी।

कोटा जैसा एकेडमिक माहौल देने का संकल्प

सेंटर हेड व 12 वर्षों के अनुभवी मैथमेटिक्स फैकल्टी आदित्य भारद्वाज ने कहा कि श्रीगंगानगर में विद्यार्थियों को कोटा जैसी शिक्षा पद्धति दी जाएगी। विद्यार्थियों के लिए रेगुलर कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट, एलन ऐप के जरिए होमवर्क, ऑनलाइन डाउट समाधान, टेस्ट पेपर डिस्कशन और विश्लेषण की सुविधाएं रहेंगी।

संस्थान का गौरवशाली इतिहास

18 अप्रैल 1988 को स्थापित एलन वर्तमान में देश के 81 शहरों में 350 से अधिक क्लासरूम कैम्पस और 450 से अधिक शहरों में टेस्ट सेंटर्स संचालित कर रहा है। स्थापना से अब तक 44.50 लाख से अधिक विद्यार्थी संस्थान से मार्गदर्शन पा चुके हैं। टेक्नोलॉजी इनेबल्ड लर्निंग के साथ संस्थान बच्चों के बेसिक कॉन्सेप्ट मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करता है। विगत 17 वर्षों में संस्थान के 29 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 7 | 21 अक्टूबर

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

सीमा सन्देश

किसान; हस्ताक्षर करने से पहले जानें लोन की असली लागत और कुल चुकाई जाने वाली रकम

फाइनेंस का फंदा: ट्रैक्टर 8 लाख का, लोन 9 लाख का कैसे?

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

ट्रैक्टर खरीदना किसी भी किसान के लिए जीवन का एक बड़ा आर्थिक फैसला होता है। खेती-किसानी के काम को सुगम बनाने और समय पर फसल प्रबंधन के लिए किसान वर्षों की जमा पूंजी लगाता है और बाकी बची रकम के लिए बैंक या गैर-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) से कर्ज लेता है। लेकिन ट्रैक्टर खरीदते समय सबसे बड़ा सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि हर महीने कितनी किस्त (ईएमआई) देनी होगी, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि कुल कर्ज कितना स्वीकृत हो रहा है और अंत में ब्याज सहित कितनी रकम जेब से जाएगी। अक्सर किसानों की यह शिकायत सामने आती है कि ट्रैक्टर की वास्तविक शोरूम कीमत और फाइनेंस की गई रकम का अंतर उनकी समझ से बाहर रहता है। मिसाल के तौर पर, यदि ट्रैक्टर की बिल कीमत 8 लाख रुपये है, तो लोन का खाता 9 लाख रुपये का क्यों बन जाता है? क्या इसमें महंगा बीमा, फाइल चार्ज, अनिवार्य बताकर जोड़ी गई एक्सेसरीज या कोई अन्य अतिरिक्त सर्विस शामिल की गई है? क्या सभी शुल्कों की जानकारी पहले स्पष्ट दी गई थी? इन बुनियादी सवालों के जवाब जाने बिना केवल कम मासिक किस्त के झांसे में आकर अनुबंध पर हस्ताक्षर करना आगे चलकर गंभीर आर्थिक संकट पैदा कर देता है।

लोन कैसे बढ़ता है? हर अतिरिक्त रकम का हिसाब मांगें: ट्रैक्टर की सीधी खरीद के साथ कई अतिरिक्त खर्चे नत्थी कर दिए जाते हैं। इनमें व्यापक वाहन बीमा, लोन सुरक्षा बीमा, भारी प्रोसेसिंग फीस, डॉक्यूमेंटेशन चार्ज और अन्य अप्रत्यक्ष शुल्क शामिल होते हैं। कुछ खर्च वाहन की मूल कीमत से बाहर होते हैं, जिन्हें चालाकी से लोन की मूल राशि में जोड़ दिया जाता है। ऐसे में किसान को यह लिखित में स्पष्ट करवाना चाहिए कि स्वीकृत लोन की कुल राशि में कौन-कौन से मद जोड़े गए हैं। केवल कम ब्याज दर का लुभावना विज्ञापन देखकर लोन को सस्ता मान लेना भारी भूल साबित हो सकता है।

लोन लेने से पहले इन 5 प्रमुख बातों की पड़ताल करें: बिल व लोन राशि का मिलान: ट्रैक्टर के वास्तविक डीलर बिल और फाइनेंस कंपनी द्वारा स्वीकृत कुल लोन राशि का बिंदुवार मिलान करें।

अतिरिक्त शुल्कों का ब्योरा: बीमा प्रीमियम, प्रोसेसिंग फीस और फाइल चार्ज के नाम पर काटी गई पाई-पाई का विवरण मांगें।

एक्सचेंज की सही कटौती: यदि पुराना ट्रैक्टर एक्सचेंज में दिया है, तो उसकी तय कीमत का समायोजन नए लोन की कुल रकम में हुआ है या नहीं, लिखित पुष्टि लें।

डीलर भुगतान का प्रमाण: यह स्पष्ट समझें कि स्वीकृत लोन में से कितनी रकम सीधे डीलर के खाते में गई और किसान को नकद या डाउन पेमेंट के रूप में कितना जमा करना पड़ा।

अवांछित सेवाओं पर रोक: किसी भी ऐसे शुल्क, राइडर या अतिरिक्त वारंटी के लिए सहमति न दें, जिसकी आपको आवश्यकता नहीं है या जिसे स्पष्ट नहीं किया गया।

फ्लैट ब्याज या रिड्यूसिंग बैलेंस? गणित समझना जरूरी

फाइनेंस कराते समय ब्याज दर के प्रकार को समझना सबसे आवश्यक है। 'फ्लैट ब्याज दर' में पूरे लोन काल के दौरान ब्याज की गणना शुरूआती मूलधन पर ही होती रहती है, जिससे वास्तविक ब्याज दर लगभग दोगुनी बैठती है। इसके विपरीत, 'घटते शेष' यानी रिड्यूसिंग बैलेंस पद्धति में जैसे-जैसे किस्तें जमा होती हैं, बकाया मूलधन घटता जाता है और ब्याज केवल बचे हुए पैसे पर ही लगता है। इसलिए केवल कम प्रतिशत सुनकर हामी न भरें, बल्कि किस्तों की कुल संख्या, कुल ब्याज और सभी शुल्कों को मिलाकर बनने वाली सालाना लागत का लिखित विवरण मांगें।

लोन लेने से पहले ये 5 दस्तावेज अनिवार्य : आरबीआई के नियमानुसार किसी भी रिटेल लोन में दिया जाना अनिवार्य है। इसमें वार्षिक प्रतिशत दर, सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष शुल्क और लोन की मुख्य शर्तें एक ही पन्ने पर दर्ज होती हैं। सैंक्शन लेटर: इसमें स्वीकृत लोन की राशि, ब्याज दर, लोन की अवधि और अन्य कानूनी शर्तों का स्पष्ट उल्लेख जांचें।

ब्याज दर की सही जानकारी

ऋण लेते समय निम्नलिखित जानकारी लिखित रूप में प्राप्त करें:

ब्याज दर वार्षिक आधार पर कितनी है?
ब्याज की गणना फ्लैट रेट पर हो रही है या घटती हुई बकाया राशि पर?

ब्याज दर निश्चित है या परिवर्तनीय ?

ऋण की पूरी अवधि में कुल कितना ब्याज देना होगा ?

महत्वपूर्ण: फ्लैट ब्याज दर और घटती हुई बकाया राशि पर लागू ब्याज दर में काफी अंतर हो सकता है। इसलिए केवल विज्ञापन या मौखिक रूप से बताई गई ब्याज दर के आधार पर निर्णय न लें।

ऋण की तुलना करते समय निम्नलिखित तीन पहलुओं को एक साथ देखें:

ब्याज दर: ऋण पर वास्तव में किस आधार पर ब्याज लगाया जा रहा है?

कुल भुगतान: ऋण की पूरी अवधि में मूलधन एवं ब्याज मिलाकर कितना भुगतान करना होगा?

वार्षिक प्रतिशत दर: लागू नियमों के अनुसार इसमें शामिल शुल्कों सहित ऋण की वार्षिक लागत कितनी बनती है?

सिर्फ कम ईएमआई देखकर ऋण का चयन न करें। लंबी अवधि के कारण एटककम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज अधिक हो सकता है।

ब्याज दर और वास्तविक ऋण लागत को कैसे समझें ?

मान लीजिए कि किसी किसान ने 8,00,000 का ट्रैक्टर लोन 5 वर्षों के लिए लिया है।
यदि ऋण की ब्याज दर 12% वार्षिक घटती हुई बकाया राशि पर है और मासिक ईएमआई के आधार पर ऋण चुकाया जाता है, तो अनुमानित गणना निम्न प्रकार होगी:

विवरण: अनुमानित राशि 8,00,000
वार्षिक ब्याज दर-12%
ऋण अवधि-5 वर्ष
अनुमानित मासिक EMI-17,796
कुल 60 किस्तों का भुगतान-10,67,760
कुल अनुमानित ब्याज-2,67,760

यह उदाहरण केवल समझाने के उद्देश्य से है। इसमें प्रोसेसिंग फीस, बीमा, अन्य शुल्क तथा भुगतान की तारीखों से संबंधित संभावित अंतर शामिल नहीं हैं। वास्तविक राशि ऋण की शर्तों के अनुसार अलग हो सकती है।

किसानों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की अंतिम सलाह: ट्रैक्टर खरीदना किसान के लिए एक बड़ा वित्तीय निर्णय है। इसलिए ऋण लेने से पहले पूरी लागत समझना, सभी दस्तावेज प्राप्त करना तथा भुगतान का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना आवश्यक है।

इन पाँच बातों को हमेशा याद रखें: केवल मौखिक आश्वासन पर भरोसा न करें; महत्वपूर्ण शर्तें लिखित में लें। KFS, जहाँ लागू हो, तथा Sanction Letter ध्यान से पढ़ें।

ब्याज दर के साथ APR और कुल भुगतान की तुलना करें। डीलर को भुगतान की गई राशि का प्रमाण अवश्य रखें। किसी भी खाली दस्तावेज या अधूरी जानकारी वाले फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें।



-सीए राघव गोयल
श्रीगंगानगर

(अगली कड़ी में पढ़ें: किस्त दी, रसीद कहां?-ग्राउंड रिपोर्ट)

अगली कड़ी · 23 अक्टूबर
"किश्त दी, रसीद कहाँ?"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

तरुण तनेजा ने जीता 14 हजार का कैशबैक

न्यूलाइट ज्वेलर्स पर ग्राहक कर रहे हैं स्पिन और हो रहे हैं विन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान न्यूलाइट ज्वेलर्स, 85, जवाहर मार्केट में ग्राहकों के बीच 'स्पिन एंड विन' ऑफर को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आकर्षक योजना के तहत ग्राहक आभूषणों की खरीदारी के साथ स्पिन कर रहे हैं और आकर्षक कैशबैक जीतकर अपनी खुशियों को दोगुना कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज विजयनगर निवासी तरुण तनेजा ने 'स्पिन एंड विन' ऑफर के दौरान 14,000 रुपये का कैशबैक जीता। इस जीत से उत्साहित ग्राहकों के बीच योजना को लेकर और भी आकर्षण बढ़ रहा है। प्रतिष्ठान के संचालक एमपी सिंह ने बताया कि त्योहारी सीजन और आगामी खरीदारी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों को खरीदारी का बेहतर अनुभव देने के उद्देश्य से इस विशेष ऑफर की शुरूआत की गई है। योजना के तहत 1 लाख रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को स्पिन करने का अवसर मिलता है, जिसके माध्यम से वे सुनिश्चित कैशबैक जीत सकते हैं। एमपी सिंह ने कहा कि न्यूलाइट ज्वेलर्स हमेशा से अपने ग्राहकों को आभूषणों की शुद्धता, नवीनतम डिजाइनों और उत्कृष्ट सेवाओं के साथ विशेष लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ह्यस्पिन एंड विनह्न योजना इसी सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से ग्राहक अपनी पसंद के आभूषण खरीदने के साथ कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं।

बच्चों ने रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले जलाए



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में तिलक नगर स्थित मोती विहार में विजयदशमी का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान वहां के छोटे-छोटे बच्चों ने मिलकर रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण के सुंदर पुतले तैयार किये। इसके बाद इन बच्चों व आसपास के मोहल्ले के बच्चों व बड़ों ने मिलकर उनका दहन किया। इस रचनात्मक कार्य में अथर्व अरोड़ा, अंजनी अग्रवाल और रोनित धमीजा का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों का नेतृत्व किया। रावण दहन के इस पारंपरिक और हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन के पश्चात, संजय बंसल द्वारा सभी को जलेबी और समोसे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अनूठी पहल से स्थानीय बच्चों और निवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला।

अनुशासित कदम, संगठित समाज व सशक्त राष्ट्र के संकल्प के साथ निकला संघ का पथ संचलन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

विजयादशमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा श्रीगंगानगर में विराट पथ संचलन एवं पारंपरिक शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। अनुशासित कदमों, संगठित समाज और सशक्त राष्ट्र के संकल्प के साथ निकले इस संचलन ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। घोष (बैंड) की ओजस्वी धुनों पर स्वयंसेवकों की सधी हुई कदमताल को देखकर पूरा श्रीगंगानगर थम सा गया और हर कोई इस ऐतिहासिक व अनुशासित दृश्य का साक्षी बनने को आतुर दिखा।







सनातन परंपरा अनुसार हुआ शस्त्र पूजन

जिला प्रचार प्रमुख तरुण दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि विजयादशमी उत्सव का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय सेठ गिरधारी लाल बिहानी सनातन धर्म (एसजीआरडी /एसडी) महाविद्यालय क्रिकेट खेल ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम विभाग संघचालक चिमन लाल शर्मा, जिला संघचालक अमरचंद बोरड़, राजेंद्र सिंगल एवं डॉ. संजीव चुग की उपस्थिति तथा मुख्य वक्ता राजस्थान क्षेत्र के संपर्क प्रमुख योगेंद्र कुमार के पाथेय व सानिध्य में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन परंपरा के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर किया गया।

व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के 100 वर्ष : योगेंद्र

शस्त्र पूजन के उपरांत उपस्थित स्वयंसेवकों व नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता योगेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत एक शताब्दी से संपूर्ण देश में दैनिक शाखाओं के माध्यम से व्यक्ति के चरित्र निर्माण के पुनीत कार्य में जुटा हुआ है। शाखा पद्धति से गढ़े गए कार्यकर्ता आज समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन करते हुए सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा है यज्ञ कुंड समिधा सम हम जलें के पावन ध्येय वाक्य को आत्मसात कर स्वयंसेवक देशभर में लाखों सेवा कार्यों को गति दे रहे हैं। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की इस गौरवशाली यात्रा के आज 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन 100 वर्षों की यात्रा में देश के भीतर जो भी सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन दिखाई देते हैं, उनमें संघ का स्वयंसेवक सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़ा नजर आता है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ह्यपंच परिवर्तनह्न के माध्यम से समाज परिवर्तन और समाज जागरण के प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं।

5 से 85 वर्ष के स्वयंसेवकों की अद्भुत कदमताल

संचलन का सबसे प्रेरक पहलू यह रहा कि इसमें 5 वर्ष के बाल स्वयंसेवकों से लेकर 85 वर्ष के वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाया। नगर की कुल 37 बस्तियों से स्वयंसेवक बिहानी कॉलेज ग्राउंड पहुंचे थे। मैदान से जब संचलन प्रारंभ हुआ तो घोष वादकों की ताल और स्वयंसेवकों का अनुशासन देखते ही बनता था।

शक्ति की पूजा और सामाजिक समरसता का आह्वान

मुख्य वक्ता ने वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आज संसार में शक्ति की पूजा होती है और कमजोर की बलि दी जाती है। भारत को सामरिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से परम वैभवशाली बनाने के लिए हिंदू समाज को अपने समस्त आंतरिक भेद भुलाकर एकजुट होना होगा। जब समाज एक सूत्र और एक स्वर में 'भारत माता की जय' का उद्घोष करेगा, तभी वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत, विजयी भारत, सशक्त भारत और समर्थ भारत' की संकल्पना धरातल पर साकार होगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुरूप ही परम पूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 100 वर्ष पूर्व राष्ट्र भावना और सामाजिक एकता का सशक्त विचार दिया था। उन्होंने वर्तमान समय में देश को भीतर से कमजोर करने में जुटी विघटनकारी शक्तियों के षड्यंत्रों को पहचानकर सतर्क रहने का आह्वान किया।

रेड कारपेट और पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत

संचलन मार्ग पर शहरवासियों और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार बनाए गए थे और संचलन के स्वागत हेतु सड़कों पर रेड कारपेट बिछाए गए थे। जगह-जगह मातृशक्ति एवं नागरिकों द्वारा छतों और चौराहों से स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण एकात्मता और उल्लास से भर उठा।

वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस विशाल आयोजन में विभाग प्रचारक अशोक विजय, विभाग कार्यवाह डॉ. शैलेंद्र पारीक, वरिष्ठ कार्यकर्ता रुकमानंद सहित संघ के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता, दायित्ववान स्वयंसेवक, प्रबुद्ध नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

श्रीगंगानगर में मारुति सुजुकी एरेना के नए सर्विस आउटलेट का शुभारम्भ



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

वाहन चालकों और मारुति सुजुकी के प्रेमियों के लिए श्रीगंगानगर में एक बड़ी खुशखबरी है। प्रतिष्ठित डूडी ऑटोमोबाइल्स द्वारा मारुति सुजुकी एरेना के एक अत्याधुनिक और नए सर्विस आउटलेट का भव्य उद्घाटन आज विधिवत रूप से किया गया। इस मौके पर विधायक जयदीप बिहाणी, पूर्व विधायक राजकुमार गौड, पूर्व सांसद शंकर पन्नू सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



डूडी ऑटोमोबाइल्स, एसएमएल, हनुमानगढ़-सूरतगढ़ बाईपास, नियर रिद्धि सिद्धि एन्क्लेव 2 स्थित यह नया आउटलेट ग्राहकों को बेहतरीन और उच्च स्तर की ऑटोमोटिव सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। डूडी ऑटोमोबाइल्स के संचालक सुरेश डूडी ने बताया कि इस नए एरेना सर्विस आउटलेट के खुलने से श्रीगंगानगर और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को अपनी कारों की सर्विसिंग, मेंटेनेंस और अन्य सपोर्ट के लिए और अधिक आधुनिक व सुविधाजनक विकल्प मिल सकेगा।

इस आउटलेट पर मारुति सुजुकी की लोकप्रिय गाड़ियां जैसे विक्टोरिस, नई ब्रेजा, अर्टिगा, डिजायर और स्विफ्ट जैसी शानदार रेंज के साथ-साथ उत्कृष्ट सर्विस का अनुभव मिलेगा। उद्घाटन के अवसर पर गाडियों की डिलीवरी भी दी गई।

बच्चों ने किया रावण का दहन



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। 5 एम 33, अशोक उद्यान के सामने जवाहर नगर में शिक्षाविद् डॉ. ओ. पी. गुप्ता की पोतियों ईशाना और पीहू ने रावण दहन कर दशहरा मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय बच्चे और मोहल्लावासी उपस्थित रहे। परंपरा से हटकर बालिकाओं द्वारा किए गए इस रावण दहन ने सभी का उत्साह बढ़ाया और कार्यक्रम को बेहद खास बना दिया।

seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

स्वर का गीत मीठा ही सही, किंतु हृदय का गीत ही तो ईश्वर की सच्ची आवाज है।
- खलील जिब्रान

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 288 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, बुधवार, 21 अक्टूबर, 2026



सिमरन ने 200 मीटर टी12 में गोल्ड जीता 11 >

नागपुर ● आरएसएस के वार्षिक विजयदशमी उत्सव पर बोले सरसंघ संचालक भागवत-

सत्ता परिवर्तन से नहीं होते समाधान; प्रदर्शनों से न फैले द्वेष व विभाजन

नागपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वार्षिक विजयादशमी उत्सव पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने देश के वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और वैश्विक परिदृश्य पर विस्तार से अपने विचार रखे। संघ मुख्यालय रेशिमबाग में शस्त्र पूजन के उपरांत स्वयंसेवकों व देशवासियों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि केवल सत्ता परिवर्तन (रिजीम चेंज) से बुनियादी समस्याओं का हल नहीं निकलता। लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन स्वाभाविक हैं, लेकिन उनका उद्देश्य समाज में कड़वाहट या विभाजन पैदा करने के बजाय ठोस और सर्वसमावेशी समाधान देना होना चाहिए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक मीडिया समूह के प्रधान संपादक संजय गुप्ता उपस्थित रहे। संघ के शताब्दी वर्ष के प्रवेश का उल्लेख करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि संघ विगत 100 वर्षों से ह्यस्वबोधह्न जगाने, राष्ट्रीय आत्म-जागरूकता और भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।



वैश्विक उथल-पुथल से सीखें, भारत को निशाना बना रहीं आसुरी शक्तियां

डॉ. मोहन भागवत ने बांग्लादेश, नेपाल, फ्रांस और अल्बानिया में हाल ही में हुए सत्ता-पलट व उथल-पुथल का उल्लेख करते हुए आगाह किया कि बाहर से प्रायोजित सत्ता परिवर्तन कभी भी जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं दे सकते। ऐसी घटनाओं के पीछे काम करने वाली स्वार्थी शक्तियां केवल अपने भू-राजनीतिक हितों को साधती हैं।

- **भारत उनका अंतिम निशाना:** उन्होंने कहा कि एक आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भारत का उदय इन विभाजनकारी ताकतों के वैश्विक प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसलिए वे भारत, हिंदू समाज और संघ को विखंडित करने की सुविचारित योजना पर काम कर रही हैं।
- **आंतरिक मोहरे:** देश के भीतर ही कुछ महत्वाकांक्षी तत्व क्षुद्र सत्ता स्वार्थ, वैचारिक दिवालिएपन और सस्ती लोकप्रियता के लालच में इन ताकतों के हाथों का खिलौना बन जाते हैं।
- **संविधान का सम्मान:** भावनाएं कितनी भी तीव्र क्यों न हों, हर आंदोलन और विरोध को संविधान के दायरे, मर्यादित भाषा और शिष्ट सार्वजनिक आचरण के भीतर ही रहना चाहिए।

ओटीटी पर अनुशासन और नशे की लत पर सामाजिक विवेक जरूरी

युवाओं और आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी विकृतियों पर चिंता जताते हुए संघ प्रमुख ने विवेकपूर्ण नियंत्रण का आह्वान किया।

- **ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का नियमन:** बिना उचित-अनुचित का विचार किए डिजिटल माध्यमों से परोसी जा रही अनर्गल सामग्री सीधे युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही है। वैश्विक स्तर पर ऐसे माध्यमों पर अंकुश लगाया जा रहा है, और भारत में भी ओटीटी पर सामाजिक व शासकीय स्तर पर अनुशासन लागू करने का समय आ गया है।
- **नशे के खिलाफ जनजागरण:** विवेकहीनता के चलते नई पीढ़ी में नशीली दवाओं का बढ़ता चलन एक गंभीर राष्ट्रीय संकट बन रहा है। इससे निपटने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि अभिभावकों और पूरे समाज को आगे आकर नई पीढ़ी में संस्कार जगाने होंगे।
- **संतुलित विकास की अवधारणा:** विज्ञान और तकनीक विकास के साधन हैं, साध्य नहीं। प्रकृति-विरोधी और उपभोगवादी विकास भारी प्राकृतिक त्रासदियों को जन्म देता है, जिसका प्रमाण हिमालयी क्षेत्र और हाल ही में नेपाल में देखने को मिला। इसलिए पर्यावरण-अनुकूल और समग्र विकास मॉडल अपनाना होगा।

1,296 स्कूलों और सैंकड़ों गांवों का स्वयंसेवकों ने बदला स्वरूप

डॉ. भागवत ने बताया कि समाज की समस्याओं का हल केवल नारों या प्रदर्शनों से नहीं, बल्कि जमीन पर रचनात्मक कार्य करने से निकलता है: संघ के स्वयंसेवकों ने 21 राज्यों के 210 जिलों में स्थानीय समुदायों को जोड़कर 1,296 सरकारी व ग्रामीण स्कूलों की सूरत बदली है, जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। हजारों गांवों में स्वावलंबन और समग्र ग्राम विकास के प्रकल्प सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

ऐतिहासिक विभूतियों का स्मरण और 'पंच परिवर्तन'

शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा चलाए जा रहे 'पंच परिवर्तन' (सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य) का उल्लेख करते हुए उन्होंने महान विभूतियों के योगदान को नमन किया। संत रविदास की 650वीं जयंती, महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती, स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान के 100 वर्ष तथा स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की जन्म शताब्दी का स्मरण करते हुए उन्होंने सामाजिक समरसता को राष्ट्र की रीढ़ बताया। विदेशी आक्रांताओं के काल में संत रविदास ने भक्ति और समरसता से जनमानस में स्वाभिमान जगाया, वहीं स्वामी श्रद्धानंद और स्वामी लक्ष्मणानंद ने धर्म व वंचितों की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। संविधान की प्रस्तावना में निहित 'हम, भारत के लोग' की भावना को रोजमर्रा के आचरण में उतारना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

संघ की सबसे बड़ी प्राथमिकता नागरिकों का चरित्र निर्माण

विजयादशमी समारोह के मुख्य अतिथि संपादक संजय गुप्ता ने राष्ट्रीय अस्मिता को सुदृढ़ करने में संघ के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत अगले दो से तीन दशकों में आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है, लेकिन आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ नागरिक अनुशासन और नैतिक मूल्यों का उत्थान अनिवार्य है। नागरिकों को यह सोचने की जरूरत है कि वे राष्ट्र को क्या दे रहे हैं, न कि केवल यह कि देश उन्हें क्या दे रहा है। जाति, भाषा, क्षेत्र और वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति सामाजिक एकता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।

दिल्ली में आयोजित दशहरा समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-

आज भारत का कोना-कोना राममय, असत्य पर सत्य की जीत का उत्सव

नई दिल्ली।

विजयादशमी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में आयोजित भव्य दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। प्रभु श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा कि आज देश का कोना-कोना राममय है और चारों ओर भगवान श्रीराम की भक्ति व उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है। यह पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की प्राण ऊर्जा है, जो अत्याचार के अंत और असत्य पर सत्य की सनातन विजय का संदेश देती है।



संकट में अपनी शक्ति पर करें भरोसा

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से विचलित नहीं होना चाहिए। राज्याभिषेक की सूचना पर वे अति-प्रसन्न नहीं हुए और वनवास के आदेश पर दुखी नहीं हुए। श्रीराम का जीवन संकट के समय दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी आंतरिक शक्ति और संसाधनों पर भरोसा करने की सबसे बड़ी सीख देता है। इसी मंत्र के साथ आज देश को आत्मनिर्भरता और 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करना है।

एकजुटता से मुकाबला करना होगा

प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि समाज को बांटने की कोशिश करने वाले लोग देश के दुश्मन हैं, जिन्हें पहचानकर एकजुटता से मुकाबला करना होगा। रामराज्य का वास्तविक अर्थ न्याय, समानता और जनकल्याण है, जहां सत्ता का ध्येय केवल शासन चलाना नहीं बल्कि गरीबों व वंचितों का कल्याण करना होता है। उन्होंने आह्वान किया कि देश के विकास के लिए सभी नागरिक सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट हों और सामूहिक प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

आरएसएस की कई महिलाएं मेरे साथ : राहुल गांधी

नई दिल्ली। विजयादशमी के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला बोला, वहीं भाजपा ने उनकी विदेश यात्राओं को लेकर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने देशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि आरएसएस एक 'पुरुष प्रधान और संविधान विरोधी' संगठन है, जो महिलाओं को पुरुषों की संपत्ति मानता है। उन्होंने दावा किया, मैं शिव-शक्ति में विश्वास करता हूं, इसलिए उनसे लड़ना मुझे आनंद देता है। सबसे खूबसूरत बात यह है कि उनके संगठन की कई महिलाएं मेरे साथ हैं।

ALLEN KOTA
अब
श्री गंगानगर
में भी
JEE | NEET | OLYMPIADS
Class 6th to 12th & 12th Pass
SEE PAGE NO. 3

पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा

पेरिस। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि पेरिस जल्द मुस्लिम शहर बन जाएगा। उन्होंने फ्रांस में जारी हिंसा के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की इमिग्रेशन पॉलिसी को जिम्मेदार ठहराया। ट्रम्प लंबे समय से इमिग्रेशन पर सख्ती की वकालत करते रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने करीब 8 साल पहले मैक्रों को चेतावनी दी थी कि दूसरे देशों से आने वाले लोगों को बड़ी संख्या में फ्रांस में एंट्री देना गलती है। इसके बावजूद सरकार ने इसे रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक, फ्रांस में करीब 46% लोग ईसाई हैं। करीब 43% लोग किसी धर्म को नहीं मानते। मुस्लिम आबादी करीब 9% है।

पंजाब में बेलगाम नशे का कारोबार : शाह

लुधियाना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार शाम लुधियाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार के कार्यकाल में पंजाब में नशे का अवैध कारोबार पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि इस काले कारोबार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोग भी सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है। अपने दौरे के दौरान अमित शाह ने नशे के विरुद्ध संघर्ष में जान गंवाने वाले लोगों के पीड़ित परिजनों से उनके आवास पर मुलाकात कर ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया पर साझा संदेश में शाह ने कहा कि पंजाब में नशा तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि राज्य की युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार पंजाब सहित पूरे देश को नशामुक्त बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। इसके लिए हरसंभव कड़े कदम उठाए जाएंगे।



नहीं चलेगा दोहरा मापदंड: राजनाथ

एससीओ बैठक में पाक डिप्टी पीएम को लताड़ा

दुशान्बे/नई दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में आयोजित इस बैठक में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ठीक उनके सामने बैठे थे। राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता और इससे निपटने में कोई दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकियों को वित्तीय मदद, समर्थन या सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए; पूरे आतंकी इकोसिस्टम को सामूहिक रूप से ध्वस्त करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने एससीओ के 2026-2030 के आर्थिक व व्यापारिक कार्य योजना के मसौदे का समर्थन करते हुए मजबूत सप्लाई चेन और क्षेत्रीय सहयोग पर बल दिया।

मान सरकार की उलटी गिनती शुरू : जाखड़

चंडीगढ़। पंजाब भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से राज्य में नशे के कारोबार पर लगाम लगने की उम्मीद बंधी है। मानसा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि भगवंत मान सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। जाखड़ ने बताया कि अमित शाह ने परविंदर सिंह झोटा के परिवार को आश्वासन दिया है कि सीबीआई टीम बुधवार को पंजाब पहुंचकर जांच शुरू करेगी।



भारत बना दुनिया का सबसे सुरक्षित निवेश केंद्र


26 साल में रिकॉर्ड एफडीआई, सिंगापुर और मॉरीशस अव्वल

हैदराबाद।

वैश्विक मंदी की आहट के बीच भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अप्रैल 2000 से जून 2026 तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 26 वर्षों में देश में रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। इस दौरान अमेरिका को पछाड़ते हुए सिंगापुर और मॉरीशस सबसे बड़े निवेशक बनकर उभरे हैं।

शीर्ष निवेशक देश और पसंदीदा सेक्टर

कुल विदेशी इक्विटी प्रवाह में सिंगापुर 199.91 अरब डॉलर (करीब 14.41 लाख करोड़) के निवेश के साथ शीर्ष पर है, जो कुल एफडीआई का लगभग 25% है। मॉरीशस 189.09 अरब डॉलर (23%) के साथ दूसरे और अमेरिका 83.17 अरब डॉलर (10%) के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड और जापान (7-7%) का स्थान है। विदेशी पूंजी का बड़ा हिस्सा कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, फिनटेक, टेलीकॉम, रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल और रिन्यूएबल एनर्जी में आया है।



निवेश बढ़ने के प्रमुख कारण

विशेषज्ञों के मुताबिक, अंतरिक्ष, बीमा व टेलीकॉम जैसे क्षेत्रों में 100% एफडीआई की स्वचालित मंजूरी, 14 विनिर्माण क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ की पीएलआई स्कीम, कॉरपोरेट टैक्स में कटौती और 'नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम' जैसी कारोबारी सुगमता ने वैश्विक निवेशकों के भरोसे को ऐतिहासिक ऊंचाई दी है।

5 राज्यों में 85% पूंजी, स्टार्टअप्स को मिली नई उड़ान

देश में आए कुल एफडीआई का करीब 85% हिस्सा महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली और तमिलनाडु में केंद्रित है। वित्तीय राजधानी मुंबई के कारण महाराष्ट्र और सिलिकॉन वैली बेंगलुरु के दम पर कर्नाटक निवेशकों के मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इस विदेशी पूंजी ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने में अहम भूमिका निभाई है। वेंचर कैपिटल फंड्स के सहयोग से देश में 100 से अधिक यूनिकॉर्न्स तैयार हुए। साथ ही रोजगार, आधुनिक तकनीक और निर्यात को बड़ा बढ़ावा मिला है।

कमजोर कभी माफ नहीं कर सकता। माफ करना ताकतवर का गुण है। - महात्मा गांधी

संपादकीय

भ्रष्टाचार पर सख्ती का संदेश: रिश्वतखोरी को संरक्षण नहीं

सरकारी व्यवस्था का मूल उद्देश्य जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। लेकिन जब इसी व्यवस्था में बैठे कुछ कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग कर जनता से रिश्वत मांगने लगते हैं, तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं रहता, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी चोट करता है। चंडीगढ़ में रिश्वत के एक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत का फैसला इसी गंभीर समस्या की ओर संकेत करता है।

आठ वर्ष पुराने मामले में चंडीगढ़ प्रशासन के इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत चपरासी फतेह सिंह को 3500 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में चार साल की जेल और 20 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। अदालत ने भ्रष्टाचार को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि रिश्वतखोरी की प्रवृत्ति सार्वजनिक संस्थानों के उद्देश्य को कमजोर करती है और जनता के विश्वास को नुकसान पहुंचाती है। मामला एक आम नागरिक की परेशानी से जुड़ा था। डड्डूमाजरा निवासी राजिंदर कुमार अपने दिवंगत पिता की पेंशन एरियर राशि को मां के खाते में जमा करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे थे। इसी दौरान फतेह सिंह ने बिल तैयार करने के नाम पर उनसे रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद 3500 रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। यह घटना बताती है कि भ्रष्टाचार किस प्रकार आम नागरिकों की छोटी-छोटी जरूरतों को भी कठिन बना देता है। जिस सरकारी तंत्र को लोगों की सहायता के लिए बनाया गया है, यदि वही तंत्र सुविधा देने के बदले अवैध वसूली करने लगे तो इससे शासन व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

भ्रष्टाचार के मामलों में हाल के न्यायिक फैसले भी स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि रिश्वतखोरी को किसी भी प्रकार का कानूनी संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान से जुड़े एक मामले में स्पष्ट किया कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो उसके खिलाफ जांच के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। न्यायालय ने कहा कि रिश्वत लेना किसी सरकारी कर्तव्य का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पद का दुरुपयोग है। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कई बार आरोपी सरकारी कर्मचारी जांच प्रक्रिया में तकनीकी आधारों का सहारा लेकर कार्रवाई से बचने का प्रयास करते हैं। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कानून का संरक्षण ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों के लिए है, न कि भ्रष्ट आचरण करने वालों के लिए। भ्रष्टाचार केवल रुपये-पैसे का लेन-देन नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था की नींव को कमजोर करने वाली प्रवृत्ति है। इसके कारण आम नागरिकों में निराशा पैदा होती है और विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। इसलिए जरूरी है कि भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित जांच और प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही, केवल दंड से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीक के अधिक उपयोग से भ्रष्टाचार के अवसरों को कम किया जा सकता है। नागरिकों को भी रिश्वत देने के बजाय शिकायत तंत्र का उपयोग करने के लिए जागरूक करना होगा। चंडीगढ़ अदालत और सुप्रीम कोर्ट के फैसले यह संदेश देते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून और न्यायपालिका का रुख स्पष्ट है। सरकारी पद जनता की सेवा के लिए है, निजी लाभ कमाने के लिए नहीं। ईमानदार प्रशासन ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान है।

डेंगू और वायरल बुखार के लक्षणों में कैसे करें पहचान?

तेज बुखार, शरीर में दर्द और कमजोरी को न करें नजरअंदाज, समय पर जांच व उपचार से टल सकता है खतरा

देश के कई राज्यों में इन दिनों डेंगू और वायरल बुखार के मामले सामने आ रहे हैं। बदलते मौसम में बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और थकान जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कई लोग डेंगू के लक्षणों को सामान्य वायरल बुखार समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। दोनों बीमारियों के शुरूआती लक्षण मिलते-जुलते हैं, लेकिन डेंगू कुछ मामलों में गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए समय पर लक्षणों की पहचान, जांच और उचित उपचार जरूरी है।

क्या है डेंगू और वायरल बुखार का कारण?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, वायरल बुखार विभिन्न प्रकार के वायरस के संक्रमण से होता है। इसमें बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, थकान, गले में खराश और खांसी जैसे लक्षण हो सकते हैं। सामान्य वायरल संक्रमण अक्सर कुछ दिनों में ठीक होने लगता है, लेकिन बुखार लंबे समय तक रहने पर डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। वहीं, डेंगू एक विशेष वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छर के काटने के आमतौर पर 4 से 10 दिनों बाद इसके लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसमें तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द तथा त्वचा



पर लाल चकत्ते हो सकते हैं।

डेंगू और वायरल बुखार का इलाज

बुखार होने पर केवल लक्षणों के आधार पर बीमारी का पता लगाना मुश्किल है। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुसार रक्त जांच की सलाह देते हैं। डेंगू की पुष्टि के लिए बीमारी की अवधि के अनुसार एनएस1 एंटीजन या अन्य जरूरी जांच कराई जा सकती हैं। दोनों बीमारियों में उपचार लक्षणों के अनुसार किया जाता है। बुखार के लिए पैरासिटामोल डॉक्टर की सलाह से ली जा सकती है। डेंगू की आशंका होने पर एस्पिरिन और आइबुप्रोफेन जैसी दवाओं से बचना चाहिए, क्योंकि इनसे रक्तस्राव का खतरा बढ़ सकता है। एंटीबायोटिक्स वायरस पर असर नहीं करतीं, इसलिए इन्हें बिना चिकित्सकीय सलाह के नहीं लेना चाहिए। मरीज को पर्याप्त आराम करना चाहिए और पानी, ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। डेंगू में बुखार उतरने के बाद भी अगले 24 से 48 घंटे में गंभीर स्थिति बन सकती है। इसलिए डॉक्टर की निगरानी जरूरी है।

डेंगू से ठीक होने के बाद भी हो सकती है कमजोरी

डेंगू से ठीक होने के बाद कुछ लोगों को कई दिनों या हफ्तों तक थकान, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द महसूस हो सकता है। कुछ मरीजों में बीमारी के बाद बाल झड़ने की समस्या भी दिखाई दे सकती है। पर्याप्त आराम, संतुलित आहार और धीरे-धीरे सामान्य दिनचर्या अपनाने से रिकवरी में मदद मिलती है। परेशानी लंबे समय तक बनी रहने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

डेंगू से बचाव के लिए रखें इन बातों का ध्यान

मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और सुरक्षित मच्छररोधी उपाय अपनाएं। कूलर, पानी की टंकी, गमलों और पुराने टायरों में पानी जमा न होने दें। घर और आसपास सफाई रखें तथा पानी जमा करने वाले बर्तनों को ढककर रखें। बुखार होने पर खुद से दवा लेने के बजाय डॉक्टर से सलाह लें। पेट में तेज दर्द, लगातार उल्टी, खून आने या अत्यधिक सुस्ती जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल जाएं। समय पर जांच और सही उपचार से डेंगू की गंभीर जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है। बुखार उतरने के बाद भी सावधानी बरतना जरूरी है।

डेंगू और वायरल बुखार के लक्षणों में अंतर

1. **बुखार की तीव्रता:** डेंगू में अचानक तेज बुखार आ सकता है। हालांकि, सामान्य वायरल संक्रमण में भी तेज बुखार होना संभव है, इसलिए केवल तापमान से डेंगू की पहचान नहीं की जा सकती।
2. **शरीर में दर्द:** डेंगू में सिर, मांसपेशियों, जोड़ों और आंखों के पीछे तेज दर्द हो सकता है। वायरल बुखार में भी बदन दर्द और सिरदर्द होता है, लेकिन इसकी तीव्रता अलग-अलग हो सकती है।
3. **त्वचा पर चकत्ते:** डेंगू के कुछ मरीजों की त्वचा पर लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। हालांकि, यह लक्षण हर मरीज में नहीं होता और अन्य वायरल संक्रमणों में भी चकत्ते हो सकते हैं।
4. **प्लेटलेट्स में कमी:** डेंगू में प्लेटलेट्स की संख्या घट सकती है। हालांकि, प्लेटलेट्स कम होने के दूसरे कारण भी होते हैं और हर डेंगू मरीज में इनकी संख्या तेजी से नहीं गिरती। डॉक्टर जरूरत के अनुसार रक्त जांच करवाते हैं।
5. **पेट दर्द और उल्टी:** डेंगू के गंभीर मामलों में पेट में तेज दर्द, लगातार उल्टी, अत्यधिक कमजोरी और नाक या मसूड़ों से खून आने जैसे लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत अस्पताल जाना चाहिए।

कोर्ट ने कहा - कानून का सम्मान नहीं करते

सौरव दास व आशुतोष रांका की मुश्किलें बढ़ीं ; न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाई

नई दिल्ली।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत को स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो दिनों के लिए बढ़ा दिया है। हिरासत बढ़ाते हुए अदालत ने दोनों नेताओं के आचरण पर बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है और प्रतिबंधित क्षेत्रों में बार-बार प्रदर्शन आयोजित करना इनकी आदत बन चुकी है। स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ऋतु राज ने आदेश में स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों और आरोपियों के बयानों से ऐसा कोई विश्वास पैदा नहीं होता कि वे भविष्य में शांति भंग करने जैसा कृत्य दोबारा नहीं दोहराएंगे।

दिल्ली पुलिस की दलीलें और गंभीर आरोप

दिल्ली पुलिस ने हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए अदालत को बताया कि जंतर-मंतर के प्रोटेस्ट साइट से डी-नोटिफाई होने के बावजूद आरोपियों ने वहां भीड़ जुटाने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिबंधित क्षेत्र कनॉट प्लेस में भी प्रदर्शन की घोषणा की गई। जांच अधिकारी ने अदालत को यह भी अवगत कराया कि मामले की पिछली सुनवाई कर रहे पूर्व मजिस्ट्रेट को एक अज्ञात व्हाट्सएप संदेश भेजकर धमकी दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था।

जमानतदारों के दस्तावेजों में खामियां

बचाव पक्ष के वकीलों ने दावा किया कि 10 अक्टूबर के बाद कोई प्रदर्शन नहीं बुलाया गया और मामले में अन्य गिरफ्तार नेताओं को रिहाई मिल चुकी है। हालांकि, अदालत ने पाया कि आरोपियों द्वारा पेश की गई ह्यश्योरिटीजह्व (जमानतदारों के दस्तावेज) असंतोषजनक हैं और पहचान संबंधी कागजातों में गंभीर विसंगतियां हैं। अदालत ने आरोपियों को नए सिरे से वैध श्योरिटीज पेश करने और दो दिन के भीतर जांच अधिकारी को लिखित जवाब देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे होगी।

युवती लापता

सूरतगढ़। पीपल चौक स्थित दुकान से सामान लेने घर से निकली 18 वर्षीय युवती तीन दिन से लापता है। परिजनों ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि युवती 17 अक्टूबर से गायब है। युवती का फोन बंद है। परिजनों ने पुलिस से युवती की तलाश कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच हवलदार हवा सिंह के सुपुर्द की है।

आज बंद रहेगी

सूरतगढ़। दीपावली पर आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को शहर के कुछ क्षेत्रों में सुबह साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता वरुण भुवांल के अनुसार रिफ्यूजी फीडर से जुड़े बलवीरो चौक, त्रिमूर्ति मंदिर व रिफ्यूजी कॉलोनी के आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसी तरह रीको जीएसएस के न्यू धान मंडी फीडर से जुड़े न्यू धान मंडी के कुछ क्षेत्रों, गुलाबी कोठी वाला क्षेत्र, इंदिरा सर्किल व बाबा रामदेव मंदिर के पास के क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगी?।

पूर्ण भक्ति का अर्थ ही है श्रद्धा व सबूरी! तभी पूर्णता की प्राप्ति



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 40

भक्ति मतलब ज़िंदा भगवान की तड़प। मिथ्या भक्ति में भगवान तो नहीं मिलेगा, आखिरी में भी वही मूर्ति मिल जाएगी, बस। तुम्हें सूरत को पाना है, ना की मूरत को। तुम देखो तुम्हारी भक्ति कहाँ खड़ी है? क्या तुम अभी भी हाथ जोड़कर मूरत के आगे खड़े हुए हो? कोई कहता है कि मैं हर महीने शिरडी जाता हूँ, पर उसके अंदर शिरडी के साईं बाबा की श्रद्धा तो होती नहीं। बाबा फकीरी में रहते थे, रोटी, पानी में भिगोकर खाते थे और तुम्हें महल चाहिए। तुम उनसे माँगने जाते हो कि मेरी कमाई बढ़ा दो। रात को जो बचा होता था, साईं बाबा उसको भी आग लगा देते थे। आखिर में उनके पास भिक्षा से माँगे हुए जो पैसे बचते थे, उसकी वो लकड़ी लाते थे और जला देते थे। उनका प्रसाद ही राख होता था और लोग सोचते हैं कि शरीर की बीमारी दूर करने के लिए बाबा वो राख देते थे। वो राख इसलिए देते थे कि तुम्हें पता चले कि इसकी तरह तुम भी एक दिन राख हो जाओगे। इससे पहले कि तुम राख हो जाओ, तुम परमात्मा के लिए श्रद्धा ले आओ। श्रद्धा का अर्थ भक्ति! भक्ति का अर्थ है जहाँ पर कि प्रेम की सुनामी हो जाती है। संसार में प्रेम दो के बीच में होता है, मैं और तुम! मैं तुमसे प्रेम करता हूँ। पर उस प्रेम की सुनामी में मैं और तुम दोनों गिर जाते हैं, वहाँ सिर्फ प्रेम रह जाता है। मैं और तुम जब दोनों हट जाते हैं, तो प्रेम सर्व के लिए हो जाता है। सर्व के लिए प्रेम ही है भक्ति। क्या तुम्हारे अंदर प्रेम की सुनामी है? प्रेम तब आता है, जब तुम्हारे अंदर किसी के लिए पूरा विश्वास हो जाता है। पूरा विश्वास तभी होता है जब तुम्हारे अंदर किसी के लिए संदेह खत्म हो जाते हैं। तुम्हारा विश्वास कैसे पूरा होगा? जब प्रेम की परिपूर्णता आ जाती है, उसको श्रद्धा कहते हैं। जब श्रद्धा के साथ सब्र आ जाता है, तो भक्ति हो जाती है। श्रद्धा के साथ सब्र और इंतजार होना चाहिए। ये शबरी की भक्ति और सब्र था कि एक दिन श्री राम जरूर आएँगे। वो रोज चख कर झूठे मीठे बेर श्री राम को खिलाने के लिए रखती थीं कि कहीं बेर खराब तो नहीं हैं, स्वाद तो ठीक है; रामकृष्ण परमहंस भी माँ काली को पहले खुद चखकर प्रसाद खिलाते थे।

जिस दिन तुम भगवान को झूठा भोग लगा सकोगे, उस दिन समझ लेना कि तुममें भक्ति है। लोग मूर्ति को भोग लगाते हैं, पर यह नहीं देखते कि प्रसाद कैसा है! लोग सोचते हैं कि मूर्ति ही तो है, क्या फर्क पड़ रहा है? परमात्मा ने तुम्हारी जन्मों से इंतजार किया है, अब तुम भी उनका इंतजार करो, मोहब्बत की है तो थोड़ा सब्र भी करो।

जितनी जल्दी तुम्हें है, उतनी परमात्मा को भी जल्दी है। सब्र करो, श्रद्धा के साथ सब्र ही पूर्ण भक्ति है। पूर्ण भक्ति का अर्थ ही है श्रद्धा और सबुरी! यही खेल है और इसी को समझना है। तभी उस पूर्णता को पाओगे और तुम्हारी ये यात्रा सफल होगी। MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

किसानों-मजदूरों के संघर्ष को मिला समर्थन, गांव के विकास को प्राथमिकता देने की अपील

मिर्जावाली मेर में सरपंच पद के लिए बढ़ी चुनावी सरगर्मी

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायत चुनाव के चौथे चरण को लेकर गांवों में चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। संभावित उम्मीदवार गली-मोहल्लों में जनसंपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। मिर्जावाली मेर में सरपंच पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने के चलते चुनावी मुकाबले को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पूर्व सरपंच के परिवार, पिछले चुनाव में हार चुके प्रत्याशी और कुछ नए संभावित उम्मीदवार मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। ऐसे में सरपंच पद के लिए करीब पांच उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, नवगठित ग्राम पंचायत 12 डीबीएल को लेकर 14



डीबीएल स्थित गोगामेड़ी में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसमाज के लोगों ने सर्वसम्मति से किसानों-मजदूरों के हक में संघर्ष करने वाले एक आंदोलनकारी को पंचायत चुनाव में समर्थन देने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी मौजूद रहे। बैठक में मनीष बुरड़क ने कहा कि किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष करने वाले व्यक्ति को पंचायत चुनाव में भागीदारी मिलनी चाहिए।

सड़क हादसे में घायल डेयरी कर्मी की मौत

सूरतगढ़। तहसील चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए वार्ड नं. 16 निवासी किशोर सिंह राजपूत (53) की मौत हो गई। वे यहां सरस डेयरी में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार किशोर सिंह रोजाना की तरह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। सुबह करीब 10 बजे उनके बेटे जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि तहसील चौराहे पर पवन मिष्ठान भंडार के सामने सड़क पर अज्ञात वाहन ने उनकी साइकल को टक्कर मार दी। हादसे में घायल किशोर सिंह को उपचार के लिए पास ही स्थित राजकीय उप जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे जितेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

हमारे लिए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी व गुरुजन ही शस्त्र और शास्त्र: डॉ. मोहित टांटिया



श्रीगंगानगर। टांटिया यूनिवर्सिटी में एनसीसी के तत्वावधान में विजयादशमी पर विधि-विधान से शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों का विशेष महत्व है, लेकिन हमारे लिए विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और गुरुजन ही शस्त्र और शास्त्र हैं। इन्हीं की ऊर्जा, ज्ञान, साहस और अनुशासन के बल पर संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है। कुलपति प्रो. (डॉ.) एम.एम. सक्सेना ने कहा कि शास्त्र ज्ञान देते हैं और शस्त्र आत्मरक्षा, अनुशासन व आत्मबल बढ़ाते हैं। इससे पूर्व एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट संदीपकुमार भांभू ने शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह को कुलसचिव डॉ. विनोदकुमार शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र गोदारा, उप कुलसचिव राकेश वर्मा, डॉ. आरपीएस बघेल, डॉ. सौरभ गर्ग, डॉ. रिशु शर्मा, डॉ. विशाल छाबड़ा, डॉ. केके अरोड़ा एवं सुरक्षा प्रभारी कैप्टन वीरेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

सांस के मरीजों के लिए लौंग का सेवन फायदेमंद

मौसम जैसे-जैसे बदल रहा है वैसे-वैसे हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता जाता है। मध्य अक्टूबर से फरवरी तक के महीने सर्दी के महीने माने जाते हैं। सर्दी में लम्बे समय तक धुंध का स्तर बढ़ा रहता है जो प्रदूषण का प्रमाण है। सर्दी में पराली का धुंआ हवा को और भी ज्यादा प्रदूषित कर देता है। इस मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी सांस के मरीजों को होती है। दूषित हवा में सांस लेने से दम घुटता है। प्रदूषण की वजह से अस्थमा रोगियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इस मौसम में दमा रोगियों के अलावा सामान्य व्यक्ति को भी सांस लेने की समस्या होती है। ऐसे मौसम में सेहत का ध्यान रखें। खान-पान में कुछ खास चीजों का सेवन करें तो सर्दी में बढ़ते प्रदूषण की वजह से होने वाली परेशानी से बच सकते हैं। सांस के मरीजों के लिए सर्दी में लौंग का सेवन बेहद असरदार साबित होता है। आइए जानते हैं कि इस मौसम में लौंग का सेवन करने से कौन-कौन से सेहत



को फायदे पहुंचते हैं।

लौंग के गुण: लौंग में एंटीऑक्सिडेंट विटामिन मौजूद होते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं और कई बीमारियों से बचाव करते हैं। गले में खराश, दांत दर्द, मोटापा को कंट्रोल करने में लौंग का सेवन बेहद असरदार साबित होता है। लौंग का सेवन पाचन को दुरुस्त करता है। इससे गैस और असिडिटी से राहत मिलती है। लौंग पाचन तंत्र में मौजूद एंजाइमों के उत्पादन को बढ़ाकर पाचन को ठीक रखती है।

सांस के मरीजों के लिए लौंग का सेवन कैसे फायदेमंद है: एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर लौंग का सेवन सांस संबंधी परेशानियों को दूर करने में बेहद असरदार साबित होता है। सांस के मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी बलगम से होती है,लौंग खाने से बलगम कम होता है। अस्थमा के मरीजों के लिए लौंग का सेवन बेहद असरदार साबित होता है। अस्थमा के मरीजों को चलने- फिरने पर सांस फूलने की परेशानी ज्यादा रहती है ऐसे लोगों को लौंग हमेशा अपने पास रखना चाहिए। लौंग श्वसन तंत्र को सक्रिय करती है और सांस लेने में हो रही दिक्कत भी दूर करती है।

अन्य रोगों में भी लाभ

लौंग का सेवन करने से ना सिर्फ सांस के मरीजों को फायदा पहुंचता है बल्कि जिन लोगों को जोड़ों में दर्द की परेशानी है या मतली रहती है वो भी इसका सेवन करें। इसका सेवद दांतों के दर्द, सांस की बदबू को दूर करने और मुहांसों से निजात दिलाने में असरदार साबित होता है।

पाचन सुधारने से लेकर ब्लड शुगर के प्रबंधन तक मददगार हो सकती है मेथी, जानिए सेवन का सही तरीका

वजन घटाना है तो ऐसे करें मेथी दानों का उपयोग

मेथी दानों का इस्तेमाल भारतीय रसोई में भोजन का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के लिए किया जाता है। पीले रंग के इन बीजों में फाइबर, आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। सीमित मात्रा में इनका सेवन सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

वजन नियंत्रित रखने में मददगार

वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोग संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ मेथी दानों को दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए रात में एक चम्मच मेथी दानों को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को छानकर पी सकते हैं। मेथी में मौजूद फाइबर पेट भरा होने का एहसास बढ़ाने में मदद कर सकता है, जिससे भूख नियंत्रित रखने में सहायता मिल सकती है। हालांकि, केवल मेथी का पानी पीने से तेजी से वजन



घटने की गारंटी नहीं है।

पीरियड्स के दर्द में राहत

मेथी में सूजन कम करने वाले गुण हो सकते हैं। कुछ महिलाओं को इसके सेवन से मासिक धर्म के दौरान होने वाली ऐंठन और असहजता में राहत मिल सकती है। तेज दर्द या अनियमित पीरियड्स होने पर डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

ब्लड शुगर के प्रबंधन में उपयोगी

मेथी में मौजूद फाइबर भोजन के बाद ब्लड शुगर बढ़ने की गति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, डायबिटीज के मरीज इसे दवाओं का विकल्प न मानें और नियमित सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

पाचन के लिए फायदेमंद

मेथी का फाइबर पाचन सुधारने और कब्ज की समस्या कम करने में मदद कर सकता है। वहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए भी इसका पारंपरिक इस्तेमाल होता है, लेकिन इसके वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं।

ध्यान दें: मेथी का अधिक सेवन गैस या दस्त जैसी परेशानी पैदा कर सकता है। वजन घटाने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद जरूरी हैं।

ALLEN KOTA

अब

श्री गंगानगर

में भी

JEE और NEET में सफलता का सफर, करो आज से शुरू।

अनुभवी फैकल्टी | AI आधारित लर्निंग ऐप | गाइडेड मेंटरशिप | पर्सनलाइज़्ड डाउट सॉल्विंग



घर के पास - कोटा वाली तैयारी और हर बच्चे के लिए सही मार्गदर्शन।

ADMISSIONS OPEN

AT SRI GANGANAGAR CENTER

NEET | JEE | OLYMPIADS

CLASS 6th TO 12th & 12th PASS

Appear in

ALLEN SHARP

ALLEN's Scholarship Test and Reward Program

CLASSES 5th to 12th

Scholarships up to 90%* in total course fee

Cash rewards worth ₹11 Lacs* for top rankers

TEST DATE

13th December 2026

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

Scan QR code for Registration

ALLEN SRI GANGANAGAR

96060 45097

allen.ac.in/sriganganagar

Admission Office:
Balaji Square, Near Shiv Chowk ,
Sri Ganganagar
(Rajasthan) - 335001

ALLEN KOTA


86906 60111

allen.in

Regd. & Corporate Office
ALLEN Career Institute Pvt. Ltd.
"SANKALP", CP-6, Indra Vihar, Kota
(Rajasthan) - 324005

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing.

वर्ग पहली क्रमांक 7955



बायें से दायें:- 1) अश्लील; लज्जाजनक, 4) अवश्यंभावी, 7) भुना हुआ चावल, 9) हड़पना, 10) तीर, 14) पुराणपंथी, 16) दुष्ट व्यक्ति, 18) कलश, 19) मनचाहा, 20) भारत का एक राज्य, 22) रावण, 23) रोकना, 25) पथिक, 26) ठौर - ठिकाना, 28) धुँधरू, 30) परदा हटना.

ऊपर से नीचे:- 1) संभावना, 2) असंभव, 3) हाथ का पंजा, 4) एक मादक पेय, 5) स्मरण, 6) खाना-पीना, 8) झुककर किया जानेवाला अभिवादन, 12) गधा, 15) दया, 17) हिटलरशाही, 18) बेल का एक छोटा फल जिसकी सब्जी बनाई जाती है, 19) फूलना- फलना, 20) गुमनाम; नामरहित, 21) स्त्री, 22) ख़ाना *(मेज़ का)*, 24) क्यों, 27) अहंकारयुक्त रोष का आवेश, 29) कपड़े का थैला.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

पा	रं	ग	त		शा	य	द		इ
		ज	ल	म	य		मा	लू	म
अ	ग	र		जा	र	ज		ला	र
ग्र			म	ल		न	ष्ट		ती
ज	ल	पो	त		दु	म		गो	
	बा		दा	ग		त	ब	दी	ल
	र	म	ता		ए		ह		
डं		लि			ाक	र्ष	क		स्प
	म		ज		त्र		ना	र	द

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 21 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं -

1296-अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली।
1555-इंग्लैंड की संसद ने फिलिप को स्पेन के राजा के रुप मे मानने से मना किया था।
1577-गुरू रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की थी।
1727-रूस और चीन ने सीमाओं को सही करने के लिए समझौते किये।
1931-प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता शम्मी कपूर का जन्म हुआ।
1934-जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया।
1945-फ्रांस में महिलाओं को वोट करने का अधिकार मिला।
1950-चीन ने तिब्बत पर अपना प्रभुत्व जमा लिया।
1951-भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
1959-चीन और भारत की सेनाओं में भिडंत।
1990-दूरदर्शन ने दोपहर की हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार ब्लूटेन सेवाएं आरंभ कीं।
1995-एल. के आडवानी चौथी बार निर्विरोध भाजपा के अध्यक्ष चुने गए।
1999-फिल्म निमार्ता बी.आर चोपड़ा को दादासाहेब फालके पुरस्कार।
2007-भारतीय मूल के अमेरिकी बॉबी जिंदल ने अमेरिका के लुसियाना प्रान्त के गवर्नर पद पर अपनी जीत दर्ज की।
2008-भारत एवं पाकिस्तान के बीच 61 वर्ष बाद कारवाँ-ए-तिजास शुरू हुआ।
2012-सायना नेहवाल ने डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज खिताब अपने नाम कर लिया था।
2012-भारतीय फिल्म निमार्ता-निर्देशक यश चोपड़ा का निधन हुआ।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एनएनएस) वीरवार अश्विन सुदी एकादशी को ग्वार, ग्वारगम, जौ, जई, ढैंचा, बारीक चावल, मूंग, मोठ, मटर, उड़द, देशी चना, काबुली चना, राजमा चित्रा, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला व इनके तेल, खांडसारी, लौंग, जीरा, सौंफ, अमचूर, देशी घी, दूध पाउडर, बादाम, इमली, गोला, धनिया, हल्दी, सोना-चांदी, निकिल में लाभ तथा गेहूं, ग्वार, ग्वारगम, बाजरा, मक्की, सोयाबीन, मसूर, तुवर, केसर, दालचीनी, जावित्री, रुई, जस्ता, टिन, अजवायन, बड़ी इलायची, जायफल, कलौंजी, काजू, सूत, गुड़, चीनी, लोहा-इस्पात, कॉपर-पीतल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1-3-4-6 है। यात्रा विचार- उत्तर दिशा की ओर 12.46 बजे अपराह्नद के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

21 अक्टूबर बुधवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.घ. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल दशमी/एकादीश, नक्षत्र-धनिष्ठा, योग-गण्ड, करण-गर, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा कुम्भ राशि में, सूर्य बुध व शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: कल थकान और सुस्ती रह सकती है, इसलिए सेहत का ध्यान रखें। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

वृषभ: दिन मनोरंजन, खुशी और रोमांस से भरा रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे, लेकिन जीवनसाथी से बातचीत में संयम रखें।

मिथुन: कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी और व्यापार में लाभ के योग हैं। विवाह योग्य जातकों को अच्छा रिश्ता मिल सकता है।

कर्क : परिवार और दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा तथा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। प्रेम जीवन सुखद रहेगा और घूमने का अवसर मिलेगा।

सिंह: पारिवारिक समस्याओं के कारण मानसिक तनाव हो सकता है, इसलिए बड़ों से चर्चा करें। घरेलू जरूरतों और बिजली के उपकरणों पर खर्च बढ़ सकता है।

कन्या: मनपसंद काम पूरे होने से खुशी मिलेगी और परिवार में तालमेल बना रहेगा। व्यापारियों, खासकर किराना व वस्त्र व्यवसायियों को लाभ होगा।

तुला: मेहनत और समझदारी से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे तथा परिवार का सहयोग मिलेगा। क्रोध और फिजूलखर्ची से बचें, विरोधियों से सतर्क रहें।

वृश्चिक: कार्यक्षेत्र में सफलता और धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की सराहना मिलेगी और व्यापार में आमदनी बढ़ सकती है।

धनु: कुछ उलझनों के कारण मानसिक तनाव रह सकता है, इसलिए पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाएं।

मकर: मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे और विवाह योग्य जातकों को रिश्ते के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

कुंभ: जोखिम भरे कामों से बचें और सेहत व खानपान पर ध्यान दें। व्यापार में लाभ होगा, लेकिन घरेलू जरूरतों और वाहन पर खर्च बढ़ सकता है।

मीन: दिन की शुरूआत सुखद रहेगी और प्रेम संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें तथा जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

सरदारशहर : स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ निकाला पथ संचलन

आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव



सीमा सन्देश # सरदारशहर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शहर में विजयादशमी उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम वीर सावरकर बस्ती में विश्वकर्मा मंदिर के पास, सुभाष बस्ती में बाबोसा मंदिर तथा प्रताप बस्ती में दयानंद विद्या आश्रम में आयोजित हुए। इस दौरान मुकेश कुमार ने बौद्धिक संबोधन दिया। उन्होंने विजयादशमी को शक्ति की आराधना का पर्व बताया। नागरिकों ने पथ संचलन का स्वागत किया। सुभाष बस्ती में कौमुदी संचलन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर घरों और रास्तों को दीपमालाओं व रंगोलियों से सजाया गया। कार्यक्रम में सुभाष सोनगरा, भरत सैनी, राकेश सोनगरा, संदीप स्वामी , नवदीप पारीक, मुकेश कुमार, मुकेश कुमार मारोठिया, तेजपाल जोशी, पवन बागड़ी, कृष्ण पारासर, विनोद जाट और गजानंद सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

माता रानी के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

सीमा सन्देश # नोहर। मां दुर्गा सेवा समिति की ओर से माता रानी का विशाल जागरण लगाया गया। जागरण में माता रानी की महिमा का गुणगान किया गया। भजन गायकों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। पूरा पंडाल माता रानी के जयकारों और भक्ति संगीत से गूंज उठा। जागरण में गायक कलाकार सोनम चौधरी (वॉइस ऑफ हिमाचल), अभिनव ऐरन (हिसार), एंकर सुरेश कटारिया (हनुमानगढ़) तथा मुन्ना अथवाल एंड ग्रुप (हनुमानगढ़) ने माता रानी के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों के माध्यम से माता रानी की महिमा का बखान किया। देर रात तक चले भक्ति कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया और माता रानी की भक्ति में झूमते नजर आए।



कार्यक्रम में राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरुन्निसा टाक व भाजपा नेता सिकंदर टाक अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मेहरुन्निसा टाक ने कहा कि माता रानी का आशीर्वाद सभी देशवासियों और क्षेत्रवासियों पर सदैव बना रहे।

लायंस क्लब ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

सीमा सन्देश # सरदारशहर। शहर में लायंस क्लब डायमंड व अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. डॉ. सत्यनारायण व ललिता देवी पारीक की स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। अर्जुन क्लब में आयोजित शिविर का सौजन्य लायन रघुवीर पारीक ने किया। मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के नेत्र विशेषज्ञ पवन चौधरी ने 11 अक्टूबर को ऑपरेशन करवाने वाले 57 मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। शिविर को सफल बनाने में सचिव सुशील भोजक, अनिल गोयल, डॉ. पूनमचंद भाटी, मुबारक तुगलक, फुसाराम स्वामी व गिरधारीलाल शर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।



श्री बालाजी मोबाइल भंडारा संघ का रजत जयंती भंडारा संपन्न

सात दिनों तक अनवरत चला सेवा अभियान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्री बालाजी मोबाइल भंडारा संघ द्वारा आयोजित 25वां रजत जयंती अटूट भंडारा सात दिन अनवरत चलने के बाद हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मुख्य सेवादार बॉबी मित्तल ने बताया कि यह आयोजन रावतसर में तीन दिन तथा सरदारशहर में चार दिन तक चला। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए चाय, दुग्ध-कॉफी, देसी घी की बालूशाही, पीनी, बूंदी, छोले-भटूरे, भोजन, ब्रेड पकौड़े और खीर का अटूट वितरण किया गया। संघ पिछले 25 वर्षों से यह सेवा कार्य कर रहा है। इस सफल आयोजन में सुरेश गर्ग, सौरभ गर्ग, देवेंद्र गर्ग, सोनू राजपाल, कृष्ण, रजत, अनिरुद्ध, ऋषि, बलवंत, पंकज, विवेक अग्रवाल, विजय, विशाल भाटी, सुशील, बबलू, डालू राम जी और प्रेम सहित समस्त सेवादारों का विशेष सहयोग रहा।

नवरात्रों पर किया सेवा कार्य

सूरतगढ़। मनोकामेश्वर श्री बालाजी युवा शक्ति मंच धार्मिक व मानव कल्याण ट्रस्ट की ओर से श्री बालाजी मंदिर में नवरात्रों के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान माता के गुणगान, भोले बाबा और रुद्र अवतार श्री बालाजी के जयकारों के साथ श्री राम नाम का जाप किया गया। तत्पश्चात भक्तों, सालासर यात्रियों, कन्याओं व झुग्गी-झोपड़ियों के निवासियों को बालाजी का प्रसाद व लंगर वितरित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक संजय कौशिक ने पल्लू मोड़ पर सालासर व पल्लू माता के दर्शनार्थियों की सेवा के लिए कार्यकताओं को लंगर व्यवस्था हेतु रवाना किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टीना शर्मा, कोषाध्यक्ष साहिल कौशिक, सचिव इंद्राज, सहसचिव विजय कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।



सरदारशहर मंडी में किसानों की समस्या

सरदारशहर। कस्बे की कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज रखने के लिए करीब एक करोड़ की लागत से बने टीनशेड के नीचे व्यापारियों द्वारा खाली कैरेट रखने से किसानों को अपनी फसल फुटपाथ पर रखनी पड़ रही है। इससे बारिश में उपज के भीगने और खराब होने का लगातार खतरा बना हुआ है। मंडी में भीड़भाड़ और अतिक्रमण से आमजन को भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रातःकाल सैर पर निकले व्यक्ति को कुत्ते ने काटा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक से आमजन का जीना दूभर हो गया है। ताजा मामला शहर के रिहायशी इलाके से सामने आया है, जहाँ सुबह की सैर पर निकले जवाहरनगर निवासी 58 वर्षीय अनिल धूरिया को आवारा कुत्ते ने शिकार बना लिया। गत सोमवार सुबह लगभग 8:45 बजे अनिल धूरिया मिगलानी स्टोर एवं डॉक्टर शालू अरोड़ा के पीछे वाली सड़क से सैर कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उनकी जांघ के पीछे गंभीर रूप से काट कर घायल कर दिया। इस घटना के बाद से इस क्षेत्र के लोगों में रोष और दहशत का माहौल है। अग्रसेन नगर, जवाहर नगर, ब्लॉक एरिया, इंद्रा कॉलोनी, इंद्रा चौक पुरानी आबादी टावर रोड, रवि चौक, जस्सासिंह मार्ग सहित शहर की लगभग हर गली में 10 से 12 आवारा कुत्ते झुंड में घूमते रहते हैं। इसके चलते राहगीरों, बुजुर्गों और बच्चों का सड़कों से गुजरना दुश्वार हो चुका है। आये दिन लोग इन हिंसक कुत्तों का शिकार हो रहे हैं। पीड़ित परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि आवारा कुत्तों के इस बढ़ते आतंक पर तुरंत लगाम लगाई जाए।



श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8471-7500 (आ. 157 क्विं.), मूंग 8483-7800 (आ. 1318 क्विं.), ग्वार 8059-7940 (आ. 55 क्विं.), नरमा 9291-8500 (आ. 1592 क्विं.), कपास 8751 (आ. 5 क्विं.), मक्का 2425 (आ. 150 क्विं.), **श्रीबिजयनगरः** मूंग 8445-7905, नरमा 9022-8710, ग्वार 7700-7575, गेहूं 2785-2710, **सब मंडी यार्डः** गेहूं 2100-2870, सरसों 5500-8730, पीली सरसों 6200-8830 , ग्वार 6500-8295, मूंग 5000-8740, नरमा 8000-9271, बाजरी 2000-2580, **जैतसर :** सरसों 7810-8154, मूंग 8000-8700, ग्वार 7400-8000, नरमा 8850-9151, गेहूं 2625, धान 2231-3861, **घड़साना:** मूंग 8610-6430, नरमा 9200-8600, सरसों 8591-8120, गेहूं 2815, **श्रीकरणपुर:** नरमा 9269-9147,

किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185 - 195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ : नरमा 9224, बाजरा 2596, ग्वार 8155, मूंग 8170, मक्का 1991, धान 2341, **डबली राठान :** नरमा 9076, बाजरा 2501, **हनुमानगढ़ टा. :** कपास 8970, नरमा 9270, बाजरा 2561, बाजरा 2561, ग्वार 7860, मूंग 8271, सरसों 7972, **रावतसर :** कपास 8450, नरमा 9250, गेहूं 2650, बाजरा 2555, ग्वार 6021, चना 6657, मूंग 8075, मोठ 8791, सरसों 8263, तिल 13800, **नोहर :** गेहूं 2773, जौ 2676, ग्वार 8090, चना 7125, मूंग 8275, मोठ 9036, **भादराः** गेहूं 2726, ग्वार 8000, मूंग 8088, **संगरिया :** नरमा 9200, गेहूं 2841, बाजरा 2611, ग्वार 7910, मूंग 7400,

गंगनहर का वरीयताक्रम

21 अक्टूबर 2026, बुधवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
वाई	281 (8)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
जैड	436 (8)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
डी-भागसर	454 (8)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	495 (8)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
पीएस	655 (7)	15 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
समेजा	857 (6)	16 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	25 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
आरबी	1127 (4)	18 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	26 अक्टूबर सायं 3 बजे
एचएच	1162 (3)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
रिडमलसर	1173 (3)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
फार्म	1234 (3)	19 अक्टूबर सायं 3 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
जीजी	1435		
हिरणावाली	1457		
नेतेवाला	1478		
एमएल	1538		
एमएलए	1579		
करणीजी	1909		
एफ	2412		
एच	2719		21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमके	2817		21 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
बीबी	3015		20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
ईईए	3075		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	3352		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	3365		16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में मंगलवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1449 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7163	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	4866
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 20.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66
पानी की आवक - 10950 क्यूसेक, निकासी- 13020 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.09
पानी की आवक- 5393 क्यू., निकासी- 9540 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

अग्र सेवा समिति ने किया गोसेवा व अन्नकूट प्रकल्प आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर में सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज की प्रेरणा से अग्र सेवा समिति, युवा अग्र सेवा समिति तथा महिला अग्र सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ह्यकामधेनु वंदन-जीव दया सेवा प्रकल्पह्ल का आयोजन किया गया। अध्यक्ष किशन खारीवाल ने बताया कि सुखाड़िया सर्किल स्थित श्रीगोशाला में 24 क्विंटल हरा चारा व 51 किलो गुड़ के लड्डू तथा परिंदा विहार में 50 किलो दाना-चुग्गा पक्षियों को खिलाया गया। श्रीराम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर राम-नाम संकीर्तन के दौरान फलों की दो सवामणी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। इस दौरान समिति सदस्य सुनीता सिंघल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया और गौमाता को गुलाब जामुन का भोग लगाया गया। इस वृहद सेवा में हृदयान मित्रा, महेश-कमलेश लीला (जोधपुर), महेश यादव-मनदीप, मन्नत दरबार तथा लेखराज बंसल आदि का सहयोग रहा। बताया गया कि 25 अक्टूबर को शारदीय पूर्णिमा पर सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी मंदिर रामनगर में ड्राई फ्रूट व खीर-मिठाई की सवामणी का भोग लगेगा। इस मौके पर किशन खारीवाल, राकेश सिंघल, नितिन खारीवाल, रोहित अग्रवाल, रजनी मित्तल व अनु अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज इन ब्रीफ

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सीमा सन्देश # नोहर। फेफाना थाना क्षेत्र में 18 अक्टूबर की शाम कैंटर की टक्कर से बाइक सवार रतन पुत्र संतलाल जाट निवासी जनानिया की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, कैंटर चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था। बाइक से कैंटर को क्रॉस करते समय चालक ने अचानक वाहन दाईं ओर घुमा दिया, जिससे रतन की बाइक टकरा गई। हादसे के बाद चालक कैंटर छोड़कर फरार हो गया। घायल रतन को पिकअप से सिरसा ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। फेफाना अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नहर में अवैध पाइप लगाकर पानी चोरी का आरोप

सीमा सन्देश # नोहर। जसाना वितरिका में अवैध पाइप लगाकर सिंचाई का पानी चोरी करने के आरोप में नोहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि 16 अक्टूबर की रात गश्त के दौरान नहर की पटरी पर चार पाइप लगाकर पानी चोरी किए जाने का पता चला। मौके पर मौजूद लोग पाइप लेकर फरार हो गए। विभागीय जांच में चक 11 जेएसएन में डिग्गी भरी मिली। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने भागी पत्नी भागीरथ जाट निवासी पदमपुरा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डांडिया महोत्सव में मनचलों पर पुलिस की नजर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नवरात्र के दौरान गरबा-डांडिया कार्यक्रमों में महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए हनुमानगढ़ पुलिस ने विशेष पहल की। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया, ताकि भीड़ में मनचलों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। पुलिसकर्मियों ने स्कूल-कॉलेजों में राजकॉप सिटीजन एप की जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक भी किया। आपात स्थिति में एप और हेल्पलाइन के माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच चुनाव की सरगर्मियां तेज

सीमा सन्देश # भोमपुरा। ग्राम पंचायत भोमपुरा में सरपंच चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। समाजसेवी राजू सहारण ने अपनी पत्नी गायत्री देवी सहारण को चुनाव मैदान में उतारकर दावेदारी पेश की है। राजू सहारण ने बताया कि वे पिछले 27 वर्षों से 36 कौम के लोगों के सुख-दुख में साथ रहकर जनसेवा कर रहे हैं। उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को पेंशन, खाद्य सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया है। उन्होंने ग्रामीणों से गायत्री देवी सहारण को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि अवसर मिलने पर गांव का सर्वांगीण विकास और सभी वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहेगी।

रामलीला के कलाकारों ने मुख्य मार्गों से निकाली यात्रा, बिहानी स्टेडियम में हुआ रावण, मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों का दहन

60 फीट के रावण का दहन, असत्य पर सत्य की जीत का दिया संदेश



सीमा सन्देश # नोहर। नगरपालिका की ओर से आयोजित दशहरा महोत्सव के तहत मंगलवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय बालकृष्ण बिहानी स्टेडियम में 60 फीट ऊंचे रावण सहित मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। पुतला दहन के साथ ही पूरा स्टेडियम जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इससे पहले रामलीला कमेटी के कलाकार रामलीला का मंचन करते हुए शहर के मुख्य मार्गों से होकर बिहानी स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम में भी रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया।

स्वागत किया

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक ने रामलीला कमेटी से जुड़े सभी कलाकारों का स्वागत किया। पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टांक ने कहा कि दशहरा पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें बुराई का त्याग कर सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। रामलीला मंचन में भगवान राम की भूमिका किशन चाचाण, लक्ष्मण की भूमिका प्रेम मित्रुका, रावण की भूमिका नारायण छीम्पा तथा विभीषण की भूमिका महेंद्र भाटी ने निभाई। वहीं हनुमान की भूमिका किशोरी पारीक ने निभाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दशहरा महोत्सव के दौरान धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

तीन दिन की मेहनत से बनाया 15 फुट ऊंचा रावण



सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव में दशहरा पर्व पर बच्चों ने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से 15 फुट ऊंचा रावण का पुतला तैयार किया। अखबार के कागज, लकड़ी और अन्य सामग्री से इस पुतले को बनाने में बच्चों को तीन दिन लगे। आर्यन सहारण, नतीक सोनी, साहिल भादू और हिमांशु सोनी सहित अन्य बच्चों ने इसमें भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने बच्चों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें भारतीय संस्कृति और दशहरा पर्व के महत्व को समझने का अवसर मिला। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में आपसी सहयोग, टीम भावना और त्योहारों के प्रति रुचि बढ़ती है। बाद में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से रावण के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर महिलाएं, बच्चे, युवा और अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

रावण दहन : जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

राम-रावण युद्ध के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय



राममय हुआ शहर का वातावरण

रावतसर। दशहरा पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में नगरपालिका के सहयोग से श्री सनातन धर्म नाट्य समिति के तत्वावधान में रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले नगरपालिका अध्यक्ष नीलम सहारण,उप चेयरमैन गुरजीत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार न्योल,कैलाश मेघवाल, समिति अध्यक्ष सादुल सिंह बिजारणियां,, सरपंच धर्मपाल थालोड़,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, पार्षद रणजीत किरोडीवाल, पार्षद नसीब कोर,नगर मंडल अध्यक्ष राकेश शास्त्री द्वारा पंडित , नरेंद्र सोमानी,श्रवण शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। पुतला दहन देखने के लिए मैदान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के दौरान रामलीला के कलाकारों ने राम-रावण युद्ध के प्रसंग का रोचक मंचन किया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। युद्ध के दृश्य के दौरान दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन होते ही मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण राममय हो गया। नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन का पुरा सहयोग रहा। श्री सनातन धर्म नाट्य समिति के अध्यक्ष सार्दुल सिंह बिजारणियां ने सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने जीवन में व्याप्त बुराइयों, अहंकार और नकारात्मक विचारों का त्याग कर सदाचार एवं सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आमजन से जीवन में अच्छाइयों को अपनाने और समाज में सकारात्मकता बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर कस्बा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रावण के पुतले का दहन



सरदारपुरा जीवन। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर कुम्हारांवाली ढाणी में रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान लोगों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। रावण दहन के साथ ही पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुतले को तैयार करने में नवीन ढूंढाड़ा, शुभम और सिमरन का सहयोग रहा। रावण दहन के माध्यम से समाज को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने तथा अहंकार, अन्याय और बुराइयों का त्याग करने का संदेश दिया गया।

टिब्बी में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

श्रीराम के अग्निबाण से गूंजा पुराना खेल मैदान



सीमा सन्देश # टिब्बी। कस्बे के पुराने खेल मैदान में मंगलवार शाम दशहरा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए कस्बे सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जैसे ही श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, उपाध्यक्ष पूनम शेखावत और शिव भगवान बंसल सहित पार्षदों ने श्रीराम के साथ रावण दहन किया। दशहरा उत्सव से पूर्व श्रीराम दल और रावण दल की ओर से कस्बे में आकर्षक झांकियां निकाली गईं। झांकियों को देखने के लिए भी लोगों में खासा उत्साह रहा। रावण के पुतले को धू-धू कर जलते देख उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

पुराने खेल मैदान का सौंदर्यीकरण करना प्राथमिकता

पालिकाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल ने कहा कि पुराने खेल मैदान की साफ-सफाई उनकी पहली प्राथमिकताओं में शामिल रही है। इसी के तहत मैदान से मलबा और कचरा हटवाकर साफ-सफाई करवाई गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी मैदान के सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा, ताकि मैदान को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके तथा कस्बेवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

ये रहे मौजूद: इस अवसर पर पार्षद प्रभु राम, सुशील कुमार ढाका, हरदीप सिंह बग्गा, विकास कुमार, प्रदीप सुथार, मधु प्रकाश अरोड़ा, मंजू कंवर, मंगा सिंह, अमरजीत सिंह, बलजीत सिंह, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह राठौड़, रवि जोसन, लवप्रीत सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन एडवोकेट विरेंद्र सिंह राठौड़, श्रीराम सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, शंकर पटीर, जगरूप सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हवन-यज्ञ से हुआ शुभारंभ

हनुमानगढ़। सेवा, श्रद्धा और स्मृतियों को संजोने की पहल के तहत श्री नीलकंठ महादेव सेवा न्यास की ओर से संचालित कल्याण भूमि में देवराज सिंघल की स्मृति में कल्पवृक्ष पार्क का निर्माण करवाया गया है। पार्क का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत हवन-यज्ञ के साथ किया गया। देवराज सिंघल की धर्मपत्नी रेशमा लता, पुत्र संदीप सिंघल और पुत्रवधू मीनाक्षी सिंघल के सहयोग से निर्मित इस पार्क में कल्पवृक्ष का पौधा लगाया गया। धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित लोगों ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में पंडित धर्मेंद्र शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ संपन्न करवाया। मुख्य यजमानों ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर पार्क का विधिवत शुभारंभ किया। श्री नीलकंठ महादेव सेवा न्यास के अध्यक्ष अश्विनी नारंग ने बताया कि पार्क में कल्पवृक्ष का पौधा लगाया गया है।

दशहरा उत्सव पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

कार्यक्रम स्वयंसेवकों और प्रबुद्ध नागरिकों ने लिया भाग



सीमा सन्देश # नोहर। दशहरा उत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से श्रीराम वाटिका, नोहर में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन और एकजुटता के साथ भाग लेकर राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और संगठन के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी उपस्थित रहे। वहीं संघ प्रचारक कैलाश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नोहर की मातृशक्ति, स्वयंसेवकों और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रसेवा, सामाजिक एकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया गया। दशहरा उत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज में अनुशासन, आपसी सद्भाव और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देना रहा। इस मौके पर शस्त्र पूजन भी किया गया।

डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया और डॉ. प्रेमलता की शैक्षणिक उपलब्धि

पति-पत्नी ने पीएचडी हासिल कर बढ़ाया मान



सीमा सन्देश # नोहर। शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नोहर के डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया और उनकी पत्नी डॉ. प्रेमलता ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों ने श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय हनुमानगढ़ से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। पति-पत्नी की इस संयुक्त उपलब्धि से एसएनडीबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर सहित क्षेत्र के शैक्षणिक जगत में हर्ष का माहौल है। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने नगरीकरण का कालिक एवं स्थानिक स्वरूप का भौगोलिक विश्लेषण : नोहर नगर के संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध निर्देशक डॉ. बाबूलाल पारीक रहे। उनके शोध में नोहर नगर में नगरीकरण के स्वरूप और उसके भौगोलिक पहलुओं का अध्ययन किया गया। वहीं डॉ. प्रेमलता ने कृषि की उत्पादकता एवं सिंचाई का भौगोलिक विश्लेषणात्मक अध्ययन : नोहर तहसील के संदर्भ में विषय पर शोध कार्य पूरा कर पीएचडी की उपाधि हासिल की। उनके शोध निर्देशक डॉ. बबीता रहीं। उनका शोध नोहर तहसील में कृषि उत्पादकता और सिंचाई से जुड़े भौगोलिक पहलुओं पर केंद्रित रहा।

विशेष बात यह है कि दोनों ने अपने-अपने शोध विषयों के माध्यम से नोहर क्षेत्र के नगरीकरण, कृषि और सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों का अकादमिक अध्ययन किया है। पति-पत्नी द्वारा एक साथ उच्चतम शैक्षणिक उपाधि हासिल करना उनकी मेहनत, लगन और शोध के प्रति समर्पण का परिचायक है। इस उपलब्धि पर एसएनडीबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नोहर के प्राध्यापकों, सहकर्मियों, परिवारजनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों को बधाई दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. सुरेंद्र कुमार एवं डॉ. प्रेमलता की यह सफलता क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवा शोधार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है।

ऐसे आयोजन से परिवार के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को मजबूत करना उद्देश्य : पालिकाध्यक्ष टाक

रामोत्सव गरबा नाइट की धूम, श्रीरामलला के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की आरती





सीमा सन्देश # नोहर। नगरपालिका नोहर की ओर से स्थानीय बिहानी स्टेडियम मे आयोजित रामोत्सव संग गरबा नाइट में भक्ति, आस्था, संगीत और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में पहुंचे शहरवासियों ने भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सामूहिक आरती में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दुर्गा पूजा से की गई। पूरे आयोजन स्थल पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गरबा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या से आए पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना से हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर पूजा में भाग लिया। इसके बाद सामूहिक आरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हाथों में दीपक लेकर सहभागिता निभाई। दीपों की रोशनी और श्रीराम के जयकारों से पूरा स्टेडियम भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष हाजन खातून टाक ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, पूर्व राज्य मंत्री मेहरूनिशा टाक, उपखंड अधिकारी सुनीता यादव, एएसपी गीता चौधरी, सीओ सुभाष पूनिया, सीआई जगदीश प्रसाद पांडर, अधिशासी अधिकारी गिरिराज सिंह रतनू, उपाध्यक्ष गुरुसेवक सिंह, बजरंग लाल, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग, एसबीओ विनोद बेनीवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष छोटू सेवग, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी सहित अनेक पार्षद मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री मेहरुन्निशा टाक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य परिवार के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे को मजबूत करना तथा नई पीढ़ी को अपने संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना है। टाक ने कहा कि ये कार्यक्रम पारिवारिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर बन रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा गत वर्ष इस नए नवाचार की शुरूआत की गई थी।

लाइव बैंड और गरबा प्रस्तुतियों ने बांधा समां

धार्मिक आयोजन के बाद गरबा नाइट में संगीत और नृत्य का रंगारंग दौर शुरू हुआ। लाइव बैंड की प्रस्तुतियों पर प्रतिभागियों ने गरबा किया। कार्यक्रम में अभिनेत्रियां रश्मि गुप्ता और पूजा सिंह विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उनकी मौजूदगी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। गरबा नाइट में बड़ी संख्या में कपल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों की तालियां बटोरीं। पारंपरिक गरबा, संगीत और उत्सव के रंग में रंगे प्रतिभागियों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

गरबा क्वीन सहित प्रतिभागियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान गरबा किंग, गरबा क्वीन सहित विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा उपहार प्रदान किए गए। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कला, तालमेल और उत्साह का प्रदर्शन किया। आयोजन में परिवारों, युवाओं और शहर के विभिन्न वर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। बेस्ट कपल पुरस्कार देवेंद्र जोशी एवं शिवानी जोशी को मिला। सैकिड कपल पुरस्कार डॉ. सुनील गोदारा एवं डॉ. मेघना गोदारा व थर्ड बेस्ट कपल पुरस्कार डॉ. हंसराज शर्मा एवं सलोनी शर्मा को मिला बेस्ट क्वीन का पुरस्कार पूनम व बेस्ट किंग पुरस्कार केशव गोल्याण एवं बेस्ट चाइल्ड पुरस्कार कृतिका बचवानी को मिला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शहरवासियों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। नगरपालिका की ओर से आयोजित इस रामोत्सव में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक उत्सव का सुंदर मेल देखने को मिला। हजारों लोगों की मौजूदगी और दीपों से सजी आरती ने रामोत्सव गरबा नाइट को शहर के यादगार आयोजनों में शामिल कर दिया।

रोडवेज कर्मचारियों ने लगाया नवरात्र भंडारा

हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के हनुमानगढ़ आगार कार्यालय परिसर स्थित मंदिर में मंगलवार को रोडवेज कर्मचारियों की ओर से नवरात्र के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में नागरिकों ने दाल, हलवे और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में हवन के साथ हुई। इसके बाद नौ कन्याओं को भोजन करवाया गया। कर्मचारियों ने रोडवेज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। रोडवेज चालक भूपराम ने बताया कि कर्मचारियों की ओर से साल में दो बार नवरात्र के अवसर पर भंडारा लगाया जाता है।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

क्रमांक : राजकाज रेफ नं. 24970886 आपत्ति सूचना दिनांक : 09-10-2026

सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री अरविन्द कुमार पुत्र स्व श्री सुदर्शन कुमार ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अहाता नम्बर 1049 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से साईज 423 दरगज व भूखण्ड संख्या 1049 (भाग) पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 22 गुणा 12 फीट अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। अभिलेख नम्बर 197865 पर है कि प्रशनगत मकान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 1049 (भाग) पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 163.50 वर्गमीटर का स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत पट्टा श्री सुदर्शन कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल के नाम से जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। जरिये पंजीकृत वैयनामा दिनांक 06.08.1962 द्वारा अहाता नम्बर 1049 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से साईज 423 दरगज जनूबी हिस्सा श्री हजारी लाल पुत्र श्री धनराम से श्री सुदर्शन कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल का क्रयशुदा है। जरिये पंजीकृत वैयनामा दिनांक 27.06.1995 द्वारा भूखण्ड संख्या 1049 (भाग) पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 22 गुणा 12 फीट श्री भूप सिंह पुत्र श्री रामलाल से श्री सुदर्शन कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल ने क्रय किया। श्री सुदर्शन कुमार पुत्र श्री बनवारीलाल ने अपने जीवन काल में दिनांक 11.10.2017 को अहाता नम्बर 1049 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से साईज 423 दरगज एवं भूखण्ड संख्या 1049 (भाग) पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 22 गुणा 12 फीट पूर्व दिशा की तरफ खुलता हुआ की वसीयत अपने पुत्र श्री अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र श्री सुदर्शन कुमार के हक में कर दी। वसीयत पंजीकृत नहीं है। नोटरी प्रमाणित है। अपंजीकृत वसीयत के संबंध में गवाहों के शपथ पत्र संलग्न नहीं है। सुदर्शन कुमार वर्मा पुत्र श्री बनवारीलाल का देहांत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। इनकी पत्नी श्रीमती सुशीला वर्मा का देहांत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। वारिस सदस्य प्रमाण पत्र अनुसार निम्न वारिसान 1. अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र 2. आशा परनामी पुत्री 3. विश्व चावला पुत्री, श्रीमती आशा परनामी, विश्व चावला ने जरिये पंजीकृत दत्तकरदारी दिनांक 15.04.2026 द्वारा अहाता नम्बर 1049 पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से साईज 423 दरगज व भूखण्ड संख्या 1049 (भाग) पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर साईज 22 गुणा 12 फीट में से अपना अपना कुल 2/3 हिस्सा श्री अरविन्द कुमार पुत्र स्व श्री सुदर्शन कुमार के हक में छोड़ दिया। पट्टा में अंकित साईज एवं वैयनामा व पंजीकृत दस्तावेज अनुसार भिन्नता है। नामांतरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अग्रम में लाई जायेगी। इसके पश्चात कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

जंक्शन-टाउन में उमड़ा जनसैलाब, राम-रावण युद्ध के मंचन ने मोहा मन, नशे से दूर रहने और बुराई त्यागने का दिया संदेश

60 फीट ऊंचे रावण का दहन, आतिशबाजी से गूंजे दशहरा मैदान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व पर मंगलवार को हनुमानगढ़ जंक्शन और टाउन में उत्साह व उल्लास का माहौल रहा। दोनों स्थानों पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच हजारों शहरवासी इस आयोजन के साक्षी बने। दोनों स्थानों पर 60-60 फीट ऊंचे रावण तथा 50-50 फीट ऊंचे मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले आकर्षण का केन्द्र रहे। दशहरा स्थलों पर मेले जैसा माहौल रहा और लोगों ने परिवार सहित पर्व का आनंद लिया।

जंक्शन में नशे से दूर रहने का संदेश

जंक्शन में कलक्ट्रेट के सामने स्थित मैदान में स्वामी विवेकानंद रंगमंच सेवा समिति और नव दुर्गा रामलीला मंचन समिति की ओर से दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। इस बार रावण के पुतले की ऊंचाई पिछले वर्ष के 55 फीट से बढ़ाकर 60 फीट की गई। मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले भी 50-50 फीट ऊंचे तैयार किए गए। रावण का पुतला चारों ओर घूमने वाला बनाया गया था। आयोजन के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता अमित सहू, देवेन्द्र अग्रवाल और पार्षद हिमांशु महर्षि सहित अन्य अतिथि शामिल हुए।



टाउन में चार लाख रुपए के पटाखों से हुई आतिशबाजी

टाउन बाइपास स्थित दशहरा मैदान में श्री रामलीला समिति की ओर से उत्सव मनाया गया। यहां 60 फीट ऊंचे रावण और 50-50 फीट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले तैयार किए गए थे। तीनों पुतलों का निर्माण बरेली से आए कारीगरों ने किया। पुतलों में करीब चार लाख रुपए के पटाखे लगाए गए थे। रावण दहन के दौरान भव्य आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल सहित पार्षद अतिथि के रूप में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिसकर्मी तैनात रहे।



राम-रावण युद्ध के मंचन ने बांधा समां

टाउन के दशहरा महोत्सव में भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का मंचन भी आकर्षण का केन्द्र रहा। कलाकारों ने राम-रावण युद्ध और रावण वध के प्रसंग का सजीव चित्रण किया। रावण वध के दृश्य पर मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। रामलीला की झांकियों और उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों की रंगीन आतिशबाजी ने उत्सव की रौनक बढ़ाई। महोत्सव के दौरान रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतले तैयार करने वाले कारीगरों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उनके परिश्रम और कला की सराहना करते हुए माल्यार्पण व स्मृति चिह्न भेंट किए।

दशहरा स्थलों पर मेले जैसा माहौल

जंक्शन और टाउन के दशहरा मैदानों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। परिवारों के साथ आए बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खास उत्साह रहा। मैदानों के आसपास लगी अस्थायी दुकानों और खाने-पीने के स्टॉलों पर भी चहल-पहल रही। लोगों ने खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद लिया। दशहरा आयोजन के दौरान वक्ताओं और समिति पदाधिकारियों ने पर्व को बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताते हुए भगवान श्रीराम के जीवन से सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन की प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



मकान कब्जाने और धमकियां देने का आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भट्ठा कॉलोनी में मकान पर कब्जा करने, जबरन किराएदार बैठाने और धमकियां देने के आरोप में जंक्शन पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। परिवादी साहबराम निवासी भट्ठा कॉलोनी ने न्यायालय में इस्तगासा पेश कर आरोप लगाया कि उनके 20 गुणा 45 फीट के प्लॉट पर उनकी सहमति के बिना किराएदार बैठा दिए गए। मकान खाली करवाने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकियां दीं। परिवादी ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। न्यायालय के इस्तगासे पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोल्ड लोन चुकाने के नाम पर ठगी, दो के खिलाफ मामला दर्ज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गोल्ड लोन चुकाने में मदद का झांसा देकर युवक से खाली चेक, आधार कार्ड, पैन कार्ड और मोबाइल फोन लेने का मामला सामने आया है। परिवादी सलीम निवासी गांव नवां ने आरोप लगाया कि जयपुर निवासी अक्षय और उसके साथी अनिल ने गोल्ड लोन बंद करवाने का भरोसा दिलाया। बाद में आरोपियों ने दस्तावेज और मोबाइल लौटाने के बदले 5 लाख रुपए मांगे तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। परिवादी के अनुसार, आरोपी उसे धक्का देकर कार से फरार हो गए। न्यायालय के इस्तगासे पर जंक्शन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांवलिया सेठ मंदिर में 101 कन्याओं का पूजन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नवरात्र महोत्सव के समापन मौके पर मंगलवार को सांवलिया सेठ मंदिर में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। परंपरा के अनुसार दशमी के दिन मंदिर परिसर में 101 कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा और माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। विशेष रूप से महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कन्या पूजन में हिस्सा लिया। धार्मिक परंपरा के अनुसार सबसे पहले कन्याओं के चरण धोए गए। इसके बाद तिलक लगाकर आरती उतारी गई और उन्हें भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने यथाशक्ति दक्षिणा भेंट कर कन्याओं का आशीर्वाद लिया तथा उनके चरण स्पर्श किए। आयोजन में प्रेम रतन तावणिया, सीमा, सरला देवी गर्ग, मीरा बाई, रेखा राजपुरोहित, नरोत्तम सिंगला, नीरू सिंगला, मनोज पारीक, प्रकाश पंडित, रुचि गर्ग, आरवी गर्ग, सुशीला कौशिक, नीरज कुमार सहित अनेक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

दो माह में तीन बार चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना, श्रद्धालुओं ने जताई चिंता

विद्युत विभाग के पास स्थित हनुमान मंदिर में तीसरी बार चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

सीमा सन्देश # नोहर। शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की पुलिस की कोशिशों के बीच चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। विद्युत विभाग के पास स्थित हनुमान मंदिर को चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया है। पिछले दो माह में मंदिर में चोरी की यह तीसरी घटना बताई जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है। मामले को लेकर मंदिर के पुजारी ने पुलिस थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, विद्युत विभाग के पास स्थित हनुमान मंदिर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। हैरानी की बात यह है कि एक ही मंदिर में दो माह के भीतर तीन बार चोरी की घटना सामने आ चुकी है। बार-बार मंदिर को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही ऐसी घटनाएं श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा से भी जुड़ा गंभीर विषय हैं। विदित रहे कि मंदिर में जब पहली बार चोरी की घटना हुई थी, उस समय शहर में लगातार चोरी की वारदातों का सिलसिला जारी रहा था। एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की घटनाओं से शहरवासी परेशान थे। अब उसी मंदिर में दोबारा नहीं, बल्कि तीसरी बार चोरी होने की घटना ने एक बार फिर पुरानी घटनाओं की याद ताजा कर दी है। बार-बार एक ही स्थान को निशाना बनाए जाने से यह सवाल उठने लगा है कि आखिर चोरों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं।

पुजारी ने पुलिस थाने में दर्ज करवाया मामला

मंदिर में तीसरी बार चोरी की घटना के संबंध में पुजारी ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। अब पुलिस के सामने चोरी की वारदात का पता लगाने और आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करेगी और मंदिर में बार-बार चोरी करने वालों का पता लगाएगी।

सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

शहर में मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर बार-बार चोरी की घटनाएं होना चिंता का विषय है। दो माह में तीन बार एक ही मंदिर को निशाना बनाए जाने से रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों की मांग है कि पुलिस चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाए तथा मंदिर में हुई चोरी की वारदात का जल्द खुलासा करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

पैतृक जमीन हड़पने के लिए फर्जी वसीयत बनाने का आरोप

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पैतृक कृषि भूमि पर अधिकार जमाने के लिए फर्जी वसीयत तैयार कर राजस्व न्यायालय में पेश करने के आरोप में जंक्शन पुलिस ने चार नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। परिवादिया कलावती और इन्द्रा देवी ने आरोप लगाया कि जोतराम की कृषि भूमि के संबंध में 7 अक्टूबर 2010 की कथित कूटरचित वसीयत तैयार की गई। आरोप है कि वर्ष 2016 में इसके आधार पर नामांतरण की कार्रवाई हुई और मई 2025 में इसी वसीयत को वैध बताकर राजस्व न्यायालय में पेश किया गया। परिवादियों ने अन्य वारिसों को उनके हिस्से से वंचित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दशहरा अवकाश में भी सफाई सेवकों ने संभाली शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी

सीमा सन्देश # भादरा। विजयादशमी (दशहरा) पर्व के अवसर पर मंगलवार को अवकाश होने के बावजूद भादरा नगर पालिका के सफाई सेवकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखी। सफाई निरीक्षक शंकर लहरी के नेतृत्व में सफाई कार्मिकों ने मुख्य बाजार सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई कार्य किया। वहीं, कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से विभिन्न वार्डों से कचरा उठाया गया, ताकि त्योहार के दौरान शहर में स्वच्छता बनी रहे। नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने बताया कि त्योहारों के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखना पालिका की प्राथमिकता है। नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए सफाई कार्मिक लगातार सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने सफाई सेवकों के कार्य की सराहना करते हुए आमजन से भी अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें, मंगलवार को शहर के मुख्य बाजार सहित अन्य स्थानों पर सफाई करवाई गई तथा कचरा वाहनों से वार्डों में कचरा संग्रहण किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था निरंतर जारी रखी जाएगी।



नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत हनुमानगढ़ के तत्वावधान में मेरा युवा मंडल हनुमानगढ़ की ओर से वार्ड नंबर 59 स्थित गौतम बुद्ध शिक्षा सदन सेकेंडरी स्कूल में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर विचार-विमर्श किया तथा नशे रूपी रावण का दहन कर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक अमरजीत सिंह शाक्य ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज के विकास को भी प्रभावित करता है। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए आगे आना चाहिए। माय भारत केन्द्र के कार्यालय सहायक विजय कुमार और योगेंद्र सिंह ने माय भारत के उद्देश्यों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस दौरान युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मौजूद युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

1.50 लाख की ठगी

हनुमानगढ़। शेयर मार्केट में निवेश कर अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 1.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। परिवादी कमल कुमार गाडिया निवासी जंक्शन ने अपने रिश्तेदार अमित गाडिया पर ठगी का आरोप लगाया है। परिवादी के अनुसार, आरोपी ने दिसंबर 2024 से दिसंबर 2025 तक फोन-पे के जरिए एक लाख रुपए और 50 हजार रुपए नकद लिए। भरोसा बनाए रखने के लिए आरोपी ने कई बार 10 हजार रुपए मुनाफे के नाम पर दिए। बाद में भुगतान बंद कर दिया और मूल रकम लौटाने से इनकार कर दिया। न्यायालय के इस्तगासे पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोमपुरा : महंगाई की मार से बिगड़ा गरीब-मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट

गुड़, चीनी, सरसों तेल व मसालों के बढ़ते दामों से ग्रामीण परेशान

सीमा सन्देश # भोमपुरा।

क्षेत्र में बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों और गरीब परिवारों की आर्थिक परेशानियां बढ़ गई हैं। गुड़, चीनी, सरसों तेल, मिर्च, धनिया सहित रोजमर्रा की खाद्य सामग्री के दामों में बढ़ोतरी से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमित आय में परिवार का पालन-पोषण करने के साथ बच्चों की शिक्षा और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना चुनौती बन गया है। आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले राशन डिपो के माध्यम से गरीब परिवारों को चीनी सहित कुछ आवश्यक सामग्री रियायती दरों पर मिलती थी, जिससे उन्हें राहत मिलती थी। ऐसी सुविधाएं बंद होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं और गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री पर राहत दी जाए, ताकि रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं उचित दरों पर उपलब्ध हो सकें। कुछ ग्रामीणों ने वर्तमान सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए पूर्व की तरह सस्ती राशन व्यवस्था बहाल करने की मांग भी की है।

फल बांटकर साझा की त्योहार की खुशियां

हनुमानगढ़। विजयदशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को लॉयन्स क्लब हनुमानगढ़ सिटी के सदस्यों ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए टाउन स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को फल वितरित किए और उनके साथ समय बिताकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने बुजुर्गों की कुशलक्षेम जानी और उनके साथ बातचीत कर समय बिताया। इस दौरान बुजुर्गों के प्रति सम्मान, अपनत्व और सेवा भाव का संदेश दिया गया। क्लब कोषाध्यक्ष योगेश गर्ग ने बताया कि लॉयन्स क्लब हनुमानगढ़ सिटी की ओर से समय-समय पर सामाजिक और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

भूमि दान कर रखी थी गौसेवा की मजबूत नींव, पीढ़ियों से कायम है सेवा और समर्पण की परंपरा

सेठ बलदेव पचीसिया की दानशील विरासत को आगे बढ़ा रहे वंशज, गोशाला में किया अभिनंदन

सीमा सन्देश # नोहर। दान, सेवा और परोपकार की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भामाशाह स्वर्गीय सेठ बलदेव पचीसिया के वंशज देवांश पचीसिया एवं उनकी धर्मपत्नी वसुधा पचीसिया का सोमवार को श्री गौशाला नोहर में अभिनंदन किया गया। गीता भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिवार ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार पगड़ी पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर पचीसिया परिवार की पीढ़ियों से चली आ रही गौसेवा के प्रति श्रद्धा, समर्पण और आत्मीयता की परंपरा को याद किया गया। कार्यक्रम में देवांश पचीसिया सहित परिवार के सदस्यों ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं और गौवंश की सेवा से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया।



1945 बीघा भूमि दान कर स्थापित की मिसाल

श्री गौशाला नोहर के इतिहास में भामाशाह स्वर्गीय सेठ बलदेव पचीसिया का योगदान विशेष महत्व रखता है। वर्ष 1939-40 में उन्होंने श्री गौशाला नोहर (बीहड़ वाली) को 1945 बीघा भूमि दान की थी। उनका यह ऐतिहासिक योगदान गौसेवा, गौवंश संरक्षण और सामाजिक परोपकार के प्रति उनकी उदार सोच का प्रतीक है। उनके इस महान कार्य ने गौशाला की सेवा परंपरा को मजबूत आधार प्रदान किया। सेठ बलदेव पचीसिया द्वारा स्थापित यह सेवा परंपरा उनके पुत्र स्वर्गीय गोपीकिशन पचीसिया, श्यामसुंदर पचीसिया एवं अशोक पचीसिया तक आगे बढ़ी। इसके बाद श्यामसुंदर पचीसिया के पुत्र विनय पचीसिया और अब उनके पुत्र देवांश पचीसिया के माध्यम से गौशाला के प्रति परिवार का स्नेह और जुड़ाव निरंतर कायम है।

परिवार के सदस्यों ने किया गौशाला का भ्रमण: सोमवार सुबह देवांश पचीसिया, वसुधा पचीसिया, राजकुमार पचीसिया बीकानेर, कुसुम पचीसिया, विशेष पचीसिया, निधि पचीसिया सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने गौशाला का अवलोकन भी किया। इस दौरान गौशाला की व्यवस्थाओं, गतिविधियों और गौवंश की देखभाल से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर श्री गौशाला नोहर के अध्यक्ष राजेन्द्र थिरानी, सचिव आनन्द कन्दोई, राजकुमार रानियांवाला, एडवोकेट संतलाल तिवाड़ी, रामचंद्र पारीक, किशन चाचाण, सांवरमल हिसारिया, सचिन खोखा, मुकेश कुमार, श्रवण पारीक, नंदलाल पारीक, बुलीचंद सिंधी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। पचीसिया परिवार की यह परंपरा इस बात का उदाहरण है कि सच्ची विरासत केवल संपत्ति नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। सेठ बलदेव पचीसिया द्वारा दशकों पूर्व किया गया भूमि दान आज भी गौसेवा के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है : पालिकाध्यक्ष

सीमा सन्देश # भादरा। भादरा बास्केटबॉल क्लब की ओर से आयोजित एक दिवसीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल रहे। उनके साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल सैनी, भादरा डीएसपी कुलदीप चारण, भूतपूर्व वरिष्ठ बास्केटबॉल कोच नरेंद्र मारू, प्रिंसिपल कुलदीप कस्वां, डॉ. नरेंद्र राजपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि भादरा में बास्केटबॉल अकादमी द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध करवाना सराहनीय पहल है।



मेहनत व लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान

स्थानीय प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिले तो वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भादरा का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने, मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा अकादमी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भादरा बास्केटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच का स्कोर 51-43 रहा। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। वर्ष 2026 के बालिका वर्ग में भव्या राव को बेस्ट प्लेयर चुना गया, जबकि वंशिका बेनीवाल और अंजली शर्मा को मोस्ट इंप्रूव्ड प्लेयर का सम्मान मिला। वहीं बालक वर्ग में काव्य कस्वां बेस्ट प्लेयर तथा प्रत्यक्ष नोखवाल मोस्ट इंप्रूव्ड प्लेयर रहे। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने बास्केटबॉल अकादमी की गतिविधियों और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और भविष्य में बेहतर उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

बाजार में आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकली, खेल मैदान में रावण का पुतला फूंका, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व, रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले जलाए

सीमा सन्देश # पदमपुर


शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू स्टेडियम में विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां 60 फुट ऊंचे हाईटेक रावण के पुतले का दहन किया गया। जेठाराम व गोविंद राम बागड़ी द्वारा निर्मित इस पुतले से निकली रंगीन आग की लपटों और शानदार आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसे हजारों लोगों ने अपने मोबाइल में कैद किया। इससे पहले मंडी में आधा दर्जन विभिन्न ड्रामाटिक क्लबों द्वारा प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और डीजे साउंड सिस्टम पर गूंजते श्रीराम के गीतों से पूरा वातावरण राममय हो गया। जगह-जगह सेवाभावी नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। स्टेडियम में दो अलग-अलग रावण के पुतलों के दहन के दौरान आकर्षक झांकियों और हास्य कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वरिष्ठ पंडित प्रदीप शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ रावण दहन की विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इसके पश्चात श्रीराम चंद्र जी के अग्निबाण छोड़ते ही हजारों दर्शकों ने भक्तिभाव से विजयदशमी का जश्न मनाया और नृत्य प्रस्तुत कर खुशियां जाहिर कीं। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुंबई के पुलिस कमिश्नर अजय बंसल, एडवोकेट मदन बंसल, पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादुरचंद नारंग, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, किसान नेता सुखबीर सिंह फौजी, हरजीत सिंह पाहवा, चिरंजी कालड़ा, संदीप भयाना, महेंद्र मिगलानी, जोगिंदर हांडा सहित अनेक राजनीतिक, सामाजिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि रामराज्य स्थापित करने के लिए अहंकार का त्याग करना जरूरी है और आतंक रूपी रावण का अंत अंतर आत्मा की आवाज से करना होगा। श्री रामा नाटक क्लब के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए बताया कि 21 अक्टूबर को नगर पालिका प्रांगण में राजतिलक के दौरान संदीप ज्वेलर्स की तरफ से कलाकारों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, क्लब के डायरेक्टर राजकुमार बलाना (पोखी) के नेतृत्व में ह्यनशा एक खौफनाक मंजर हैह्न नाटक का मंचन होगा। श्री कृष्णा, श्री बालाजी, श्री सियाराम ड्रामाटिक मंच सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग और कड़ी सुरक्षा के बीच रावण दहन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, जिस पर कमेटी ने प्रशासन, पुलिस विभाग और समाजसेवी संगठनों का आभार जताया। इसके अलावा, श्री सुखमनी सेवा समिति के सेवादारों द्वारा दशहरा स्थल पर स्वच्छ पेयजल की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।


पदमपुर




सादुलशहर


केसरीसिंहपुर




चूनावढ़


रत्तेवाला

सादुलशहर। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व मंगलवार को शाम सवा छह बजे धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक गुरवीर सिंह बराड के पिता जिला परिषद के पूर्व डायरेक्टर बलदेव सिंह बराड ने बुराई के प्रतीक रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों को जैसे ही अग्नि दीं पुतले धुं-धुं कर जलने लगे। वहीं पटाखों की गूंज एवं रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान में रोशनी बिखरने लगी। यह नजारा सभी ने कौतूहलता से देखा। मेला परिसर में पुतलों के दहन से पहले दशहरा कमेटी संयोजक एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, कार्यक्रम संयोजक विक्की बजाज, अर्शदीप सिंह लालगढिया, आशीष बंसल के संयुक्त निदेशक में सराहनीय कार्य करने वाले कार्यकताओं, सहयोगियों, अधिकारियों, कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। दशहरा ग्राउंड में दशहरा मेले को आकर्षक बनाने के लिए सीमा वाटिका, देवी-देवताओं की सचेतन झांकियां, रंग-बिरंगी आकर्षक आतिशबाजी, विभिन्न तरीकों के पटाखे छोडे गए। फूड स्टॉल्स लगाई गई। झूले स्थापित करवाए गए। यहां बच्चों ने खूब आनंद उठाया। सीआई पृथ्वीपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस की माकूल व्यवस्था कायम रही। इस दौरान एसडीएम संजय अग्रवाल, तहसीलदार नितिन पुरोहित, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रियंका सहारण, पूर्व पार्षद एडवोकेट संजीव खीचड, एडवोकेट रविंद्र मोदी, पूर्व पार्षद राजेंद्र मक्कड, विपिन मोदी, मनोज मोदी, श्रीराम आश्रम के संचालक नंदलाल भूतना, महावीर बाघला, श्रीकृष्ण मक्कड, व्यापार मंडल महामंत्री अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, प्रवक्ता प्रवेश गोयल, कुलदीप झोरड, एडवोकेट अमन सिंह बराड, महावीर गोयल, लखन सिंगला, नोहित गर्ग, गुरदयाल खैरवा, सहित काफी संख्या में नागरिक, महिलाएं, बच्चे मौजूद थे।

चूनावढ़। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में लगभग 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पूर्व मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि एडवोकेट ओमप्रकाश रावल और सरपंच निशा चुघ, क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र चाहर, उपाध्यक्ष अनिल बेदी, सचिव नरेश बजाज, कोषाध्यक्ष सुनील तुतलानी, डायरेक्टर धर्मवीर वर्मा, विकास दरगण, करण बजाज, करण रविदासिया, रमन शर्मा, सोनू जेएमडी, पवन चावला, निखिल धवन, उल्हास दरगण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एएसआई धर्मवीर सिंह कस्वां, एएसआई कृष्ण चन्द्र, एएसआई विनोद कुमार सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा। रामलीला में श्रीराम की भूमिका दीपक शर्मा, लक्ष्मण की संजीव कालड़ा, रावण की रोबिन गुंबर, हनुमान की डॉ. प्रिंस सिडाना, विभीषण की दीपक चावला, सुग्रीव की कुलदीप ढिलो और अंगद की भूमिका मयंक ने निभाई।

रत्तेवाला। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में दशहरा पर्व श्री राम महावीर क्लब की ओर से मनाया गया। रावण के 42 फीट ऊंचे पुतले को अग्नि दी गई। अग्नि बाण से बुराई का अंत किया गया। पिछले 74 साल से गांव में रामलीला का आयोजन हो रहा है। श्रीराम की भूमिका मनीष चौहान, लक्ष्मण कुशार, हनुमान विनोद गिरधर और रावण की भूमिका पवन बिरपाली निभाते हैं। चंद्रप्रकाश नापा व हीरालाल बीका के मार्गदर्शन से रामलीला हुई। आसपास गांवों के लोग भी यहां दशहरा देखने पहुंचे।

कीकरवाली। कीकरवाली, गंगू वाला, कुम्हारवाली व आस पास के गांवों में दशहरा पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। गांवों के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने स्तर पर जनसहयोग जुटाकर रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले बनाने का कार्य किया। शाम को छह बजे अहंकार एवं भ्रष्टाचार रुपी रावण का दहन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हमें सत्य एवं ईमानदारी के रास्ते पर धर्म कर्म करना चाहिए।

बींझबायला। संयुक्त व्यापार मंडल, बालाजी हनुमान चालीसा कमेटी और व्यापार मंडल बीझबायला के तत्वावधान में 39 एलएनपी कॉलोनी के स्काई मार्ट में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश अरोड़ा, मैनाराम गोदारा संयुक्त व्यापार मंडल, रवि कुक्कड़ बालाजी हनुमान चालीसा कमेटी अध्यक्ष, रूपराम नोखवाल, बृजमोहन तरड़, केशव मंडा, शुभम, शंकर जलंधरा और सुरेंद्र सेतिया आदि उपस्थित रहे।

केसरीसिंहपुरः श्रीराम-रावण की सेना में युद्ध के बाद पुतलों का दहन

केसरीसिंहपुर। नगरपालिका की ओर से राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में विजय दशमी उत्सव मनाया गया। रावण, मेघनाद व कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार जांदू, मुकेश गोयल, उपाध्यक्ष ईसर राम नायक, गिरधारी गर्ग, विकास बजाज सहित अन्य गणमान्य नागरिक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रामलीला के कलाकारों ने राम रावण की सेनाओं के बीच युद्ध के दृश्य प्रस्तुत किये। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ आसपास गांवों से भी लोग दशहरा देखने पहुंचे। कानून व्यवस्था के लिए थानाधिकारी बलवंत राम सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

श्रीकरणपुरः बाजार में शोभायात्रा निकली, खेल मैदान में रावण का पुतला फूंका



श्रीकरणपुर। दशहरा पर्व पर अनुराग कला निकेतन एवं जनता कला निकेतन के कलाकारों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ शोभा यात्राएं निकाली गई। शाम करीब सवा छह बजे राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में रावण का पुतला फूंका गया। वहीं, दशहरा के मौके पर भी बाजार में कामकाज कुछ खास नहीं रहा। बाजार मंदी की मार से गुजर रहा है। बाजार में दिनभर आम दिनों की भांति आवागमन रहा।

गजसिंहपुरः पुतला दहन के साथ गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

गजसिंहपुर। शहर में विजयदशमी का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नए बस स्टैंड के सामने स्थित कॉलोनी मैदान में श्री महावीर ड्रामाट्रिक क्लब के तत्वावधान में दशहरा पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला के दौरान भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच हुए भयंकर युद्ध का प्रभावशाली मंचन किया गया। युद्ध के अंतिम क्षणों में जैसे ही भगवान श्रीराम के हाथों रावण का वध हुआ, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके साथ ही बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।



बालाराजपुरा में रावण दहन

बालाराजपुरा। गांव बाला राजपुरा में दशहरे पर ग्राउंड में रावण दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। रावण दहन के साथ ही वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

सूरतगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा, जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजीव गांधी स्टेडियम में नगरपालिका प्रशासन व राष्ट्रीय उत्थान रामलीला प्रबंध समिति के मुख्य समारोह में मेघनाथ, कुंभकरण व रावण के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के बीच दहन किया गया। इसके अलावा जगदंबा रामलीला मैदान, बालाजी रामलीला क्लब द्वारा बाबा श्री रामदेव मंदिर मैदान और श्री शिव हनुमान रामलीला क्लब द्वारा आरसीपी मैदान में उत्सव मनाया गया। मुख्य समारोह में विधायक डूंगरराम गेदर, पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़, उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीना, पूर्व विधायक अशोक नागपाल व राजेंद्र भादू, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मील, पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा, काजल छाबड़ा, परसराम भाटिया, दशहरा कमेटी अध्यक्ष प्रेमप्रकाश सिंह राठौड़ और रामलीला प्रबंध समिति अध्यक्ष पवन ओझा ने भगवान श्रीराम की आरती की। रामलीला मंच से निकली शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची, जिसमें राम-रावण युद्ध का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। तहसील चौराहे पर समाजसेवी योगेश स्वामी के नेतृत्व में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चली भव्य आतिशबाजी के बाद पहले मेघनाथ, फिर कुंभकरण और अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। वक्ताओं ने नशा रूपी बुराई को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद भारतभूषण उपाध्याय, नवनीत मुंजाल व पवन ओझा ने किया। इससे पहले नवल किशोर भोजक व प्रदीप सिखवाल ने आरती कर शोभायात्रा रवाना की। वहीं, जगदंबा रामलीला क्लब के उत्सव में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। यहां भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गौरव बलाना, गौरीशंकर मोदी, सुरेश धानुका, सुमित भटेजा, मनीष गर्ग आदि ने आरती की और विहिप कार्यकर्ता महेंद्र नागर की अगुवाई में शस्त्र पूजन किया गया।





खाजूवाला में रामलीला: लक्ष्मण मूर्छा और वध प्रसंगों ने मोहा मन



सीमा सन्देश # खाजूवाला

श्री रामलीला समिति खाजूवाला द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के नौवें दिन वृंदावन के रसिक बिहारी रामलीला मंडल के कलाकारों ने विभीषण शरणागति, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने, कुंभकर्ण वध और मेघनाद वध का जीवंत मंचन किया। कलाकारों के बेहतरीन अभिनय और आकर्षक मंच सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। विभीषण शरणागति प्रसंग में प्रभु श्रीराम की उदारता और शरणागत के प्रति करुणा का संदेश दिया गया। इसके बाद युद्ध के दौरान मेघनाद के प्रहार से लक्ष्मण के मूर्छित होने और भगवान श्रीराम की व्याकुलता ने दर्शकों को भावुक कर दिया। हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के लिए पर्वत उठाकर उड़ने का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने हनुमान जी की अटूट भक्ति और साहस को दर्शाया। इसके पश्चात कुंभकर्ण और मेघनाद वध के युद्ध दृश्यों ने धर्म की विजय और अधर्म के अंत का संदेश दिया। इस दौरान समिति द्वारा आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों और गणमान्य व्यक्तियों–राकेश डेलू, दीवान जलंधरा, अनुज शर्मा, ओम राजपुरोहित, रणजीत मजोका, हरीश चुग एवं प्रदीप सारस्वत सहित समस्त मीडिया कर्मियों और संवाददाताओं को सम्मानित किया गया। समिति ने रामलीला की खबरों को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का आकर्षक मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया।

समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगी प्राथमिकता : लोकेश सैनी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिला परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की ओर से जिला परिषद के जोन नंबर 33 और 34 के लिए संभावित उम्मीदवारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू की गई। मंगलवार को 7एच ब्लॉक स्थित अंकुर मगलानी के कार्यालय में आयोजित बैठक में श्रीगंगानगर पंचायत समिति दक्षिण समन्वयक लोकेश सैनी ने इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त किए तथा प्रत्येक दावेदार से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर चुनावी तैयारियों, क्षेत्र की परिस्थितियों और संगठन की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। समन्वयक लोकेश सैनी ने एक-एक उम्मीदवार से अलग-अलग बातचीत करते हुए संबंधित जोन के भौगोलिक क्षेत्र, स्थानीय समस्याओं, आमजन के बीच उनकी सक्रियता और संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संभावित उम्मीदवारों से क्षेत्र में पार्टी की स्थिति, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय तथा चुनाव में जीत की संभावनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से पार्टी ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकताओं की दावेदारी जानने के साथ ही उम्मीदवार चयन की दिशा में संगठनात्मक स्तर पर कदम बढ़ाया। सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के दौरान समर्पित, सक्रिय और संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पार्टी के लिए लंबे समय से काम करने वाले कार्यकर्ताओं की भूमिका और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों के चयन पर विचार किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद चुनाव को लेकर पार्टी की आगामी रणनीति, संभावित उम्मीदवारों की दावेदारी और क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पुनियानी, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री मनोज कुमार भिड़ासरा, मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा, हरीश अरोड़ा काकू, अनिल कुमार शर्मा, जाफर शरीफ, मदन भाटिया, दुलीचंद गोदारा और मन्नू लूना सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेश सेतिया ने किया।



कुम्हार समाज का पहला डे क्रिकेट टूर्नामेंट

सूरतगढ़। कस्बे में कुम्हार समाज के युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ने और प्रतिभा दिखाने का मंच देने के उद्देश्य से पहली बार डे क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। समिति व युवा टीम के तत्वावधान में 1 से 4 नवंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के मुकाबले बीकानेर रोड स्थित कोर्ट परिसर मैदान (पुराना पशु चिकित्सालय), गुरुद्वारा सिंह सभा के सामने खेले जाएंगे। अध्यक्ष नत्थूराम कलवासिया ने बताया कि इसमें केवल सूरतगढ़ तहसील के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे, जिसकी अधिकतम सीमा 96 खिलाड़ी तय की गई है। इसके लिए प्रति खिलाड़ी 400 रुपए पंजीकरण शुल्क रखा गया है, और 26 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकेगा। प्रवक्ता अशोक वर्मा के अनुसार प्रतियोगिता की विजेता टीम को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी तथा 'मैन ऑफ द सीरीज' को 1100 रुपए व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन आयोजित

सीमा सन्देश # खाजूवाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना वर्ष एवं विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय वेद माता गायत्री मंदिर में विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान शस्त्र पूजन के साथ घोष प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख हरिकिशन ने कहा कि भारतीय संस्कृति शताब्दियों पुरानी है और हमारी परंपरा शक्ति की उपासना करने वाली रही है। समय के साथ भारतीय सांस्कृतिक व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न करने के प्रयास हुए तथा शिक्षा पद्धति पर भी प्रहार किया गया। ऐसी परिस्थितियों में वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। हरिकिशन ने कहा कि संघ का प्रमुख लक्ष्य हिंदू समाज को संगठित करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में संघ की शाखा महत्वपूर्ण कड़ी है। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन, संगठन, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज को संगठित करने तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शस्त्र पूजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने घोष का प्रदर्शन कर अनुशासन और एकरूपता का परिचय दिया। घोष की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। विजयादशमी उत्सव में सैकड़ों स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



पदमपुरः कन्या पूजन और हवन अनुष्ठान संपन्न



पदमपुर। शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर श्री दुर्गा मंदिर सहित अन्य धार्मिक प्रतिष्ठानों और घरों में कन्या पूजन का कार्य श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को श्री दुर्गा मंदिर में महाआरती के बाद मंगलवार को पुजारी प्रदीप शर्मा के सानिध्य में हवन व यज्ञ किया गया। इस दौरान नगर के कई विवाहित जोड़ों और अन्य प्रतिष्ठित परिवारों ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं ने 501 छोटी-छोटी कन्याओं के चरण स्पर्श कर उन्हें भोजन कराया और आकर्षक उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर धार्मिक स्थलों, घरों और दुकानों पर मां के भक्तों ने लगातार दूसरे दिन मां भगवती के प्रति अपनी अटूट आस्था का इजहार करते हुए कन्या पूजन किया। इस धार्मिक आयोजन से पूरे नगर में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

मंदिर में पापांकुशा एकादशी मेला कल

श्रीगंगानगर। सुदामानगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर में 22 अक्टूबर को पापांकुशा एकादशी मेला मनाया जाएगा। कोलकाता से लाए फूलों से बाबा श्याम का दिव्य शृंगार होगा। सुबह 8:30 बजे तुलसी के पौधे वितरित किए जाएंगे। शाम 7:30 बजे श्याम संकीर्तन होगा।

राजस्थान में कानून व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो चुकी है : जांगिड़



जयपुर के पुलिस कमिश्नरेट के समक्ष धरने में शामिल हुए जांगिड

सीमा सन्देश # सादुलशहर

पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो चुकी है। न्याय सम्मान, महिला सुरक्षा की बात करना बेमानी हो चुकी है। वे मंगलवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के समक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लगाए गए धरने में बोल रहे थे। जांगिड ने कहा कि दिल्ली में प्रदेश की बेटी रितू बराला के साथ हुई कथित मारपीट में तुरंत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इसी मंशा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट के समक्ष धरना लगाया गया है। जांगिड ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आमजन की भावनाओं एवं न्याय की मांग करने वालों को पुलिस के डंडे के बल पर दबाना चाह रही है। लोकतंत्र में ऐसा कभी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी भी दिल्ली में अन्याय और वोट चोरी को लेकर आमजन की भावनाओं को समझते हुए संघर्ष कर रहे हैं। धरने में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

श्रीकरणपुर: दो वर्ष के कार्यकाल में ईओ ने किये अनेक नवाचार

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई के कार्यकाल के यहां सफलता पूर्वक दो वर्ष पूरे हो चुके हैं। इनके कार्यकाल की सबसे बड़ी बात तो ये है कि नगरपालिका कर्मियों को आज तक अपनी किसी भी मांग अथवा समस्या को लेकर धरना - प्रदर्शन करने की नौबत नहीं आई। ठेकेदारों द्वारा करोड़ों रुपए के कार्य करवाए गए परंतु कभी यह बात सुनने में नहीं आई कि किसी ठेकेदार को समय पर उसके कार्य का भुगतान न मिला हो। संदीप बिश्नोई ने 17 अक्टूबर 2024 को यहां पद संभाला था। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया, जिसके चलते नगरपालिका स्वच्छ भारत मिशन की कैटेगरी में भारत वर्ष में प्रथम रही। कई पुरस्कार प्राप्त किए।

पार्कों, सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट्स का नवीनीकरण और आवश्यक सुधार किये गये। बरसाती पानी के जोहड़ की युद्ध स्तर पर सफाई कर समाधान किया। कचरा स्थल को हटाकर सेल्फी पॉइंट का निर्माण करवाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर अपने एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से तिरंगा लहराकर नवाचार किया। कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकार भी निभाए गए।

सादुलशहर में पथ संचलन कार्यक्रम 25 को होगा

सीमा सन्देश # सादुलशहर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा 25 अक्टूबर रविवार को अपरान्ह साढे तीन बजे पथ संचलन कार्यक्रम होगा। नगर कार्यवाह आकाशदीप शर्मा एवं खंड संघ चालक एडवोकेट केवल अग्रवाल ने बताया कि पथ संचलन कृषि उपज मंडी समिति की टिंडा मंडी परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः टिंडा मंडी पहुंचेगा। यहां समापन होगा। समापन पर संघ के बाहर से आए अधिकारी द्वारा संबोधन दिया जाएगा। खास बात यह है कि संघ की स्थापना 1825 में हुई थी। एक शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम होगा। वर्श भर करवाए गए कार्यो पर प्रकाश डाला जाएगा। पंथ संचलन में शामिल होने के लिए गणवेश भी वितरित किए जा रहे हैं। गणवेश में कदम ताल कदम मिलाते हुए अनुशासित स्वयं सेवक दिखाई देंगे। बैंडबाजे की धुन आकर्षण का केंद्र रहेगी।

लालचंद अनेजा का स्वर्गवास

सीमा सन्देश # दौलतपुरा। चक 10 क्यू निवासी लालचंद अनेजा पुत्र स्व. लभुराम अनेजा का 17 अक्टूबर को निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास एवं पाठ का भोग 21 अक्टूबर दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक चक 10 क्यू स्थित गुरुद्वारा साहिब में होगा। रमेश अनेजा के पिता एवं सन्नी अनेजा के दादा लालचंद अनेजा के स्वर्गवास पर अनेक लोगों ने संवेदनाएं व्यक्त की।



श्री बालाजी का जागरण संपन्न



सीमा सन्देश # सादुलशहर

इलाके की सुख-शांति, खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना को लेकर चक दो एसडीएस में श्री बालाजी का जागरण करवाया गया। चक के अमर सिंह, इंद्राज एवं राय सिंह अगरोइया, अंकित अगरोइया द्वारा करवाए गए जागरण में भजनों के माध्यम से बालाजी का गुणगान किया गया। इससे पूर्व मुख्य यजमान दंपती डॉ. बीबी गुप्ता-उषा गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड-चेयरमैन मनीषा खीचड द्वारा दीप प्रज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया गया। इस बीच अंकित अगरोइया-मनीषा अगरोइया के पुत्र रत्न प्राप्ति पर प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। अल सुबह महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया। जागरण में पालिका उपाध्यक्ष अशोक धमीजा, पूर्व पार्षद अशोक वधवा, मोहित सिडाना, जाकिर हुसैन, मोहिंद्र सर्वा, प्रेम सर्वा, पार्षद रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण, महेंद्र भाकर, एडवोकेट अजब सिंह खीचड, रोहित खीचड, हिमांशु नागपाल, एडवोकेट मनीष चावला, संजीव नागपाल, हनिफ खान, धर्मेंद्र भांभू, कुलदीप गोयल सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

सुविधा

ग्रामीण बोले: तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने करवाया था वाटरवर्क्स स्थापित

तखतहजारा सिखान में आजादी के बाद स्थापित हुआ वाटरवर्क्स

सीमा सन्देश # सादुलशहर





ग्राम पंचायत तख्तहजारा बावरियान अंतर्गत गांव तख्तहजारा सिखान में देश की आजादी के बाद पहली बार वाटरवर्क्स स्थापित हुआ। इसका सुखद परिणाम अब देखने को मिल रहा है,जब ग्रामीणों को अपने ही गांव में वाटरवर्क्स का पानी प्रतिदिन होने वाली सप्लाई से मिल रहा है। ग्रामीण रविंद्र सिंह, प्रतीक शर्मा, हरमीत सिंह, महेंद्र कुमार, अंग्रेज सिंह, काकू सिंह, अवतार सिंह आदि ने बताया कि इससे पूर्व चार किलोमीटर दूर सादुलशहर वाटरवर्क्स से पाइप लाइन के जरिए पानी दो दिन के अंतराल से पहुंचता था। गर्मियों के मौसम में पानी के लिए त्राहि-त्राहि होती थी। ग्राम पंचायत प्रशासक सुरेश बिश्नोई के प्रयास से तत्कालीन विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने गांव में वाटरवर्क्स बनाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार से 1 करोड 23 लाख रूपए स्वीकृत करवाए। यही नहीं प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दिलाने के उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा सभी की सहमति से भूमि

1 करोड 23 लाख की राशि से ये हुए कार्य

इस राशि से पानी भंडारण डिग्गी, दो आधुनिक फिल्टर प्लांट्स, मोटर कक्ष, सीडब्ल्यूआर का निर्माण होने के साथ-साथ एसडीएस नहर के मोघे से पानी भंडारण डिग्गी तक अंडरग्राउंड पाइन लाइन भी डलवाई गई। चारदीवारी का निर्माण हुआ। पेयजल सप्लाई पाइप लाइन डलवाई गई। इसका सुखद परिणाम साफ-स्वच्छ एवं आवश्यकता अनुसार पेयजल उलपब्ध के रूप में देखा जा रहा है। इसमें खास बात यह भी है कि पहले सादुलशहर से जो पेयजल सप्लाई होती थी उसमें भूमिगत जल आता था। अब पूर्णतया नहरी पानी को फिल्टर कर सप्लाई किया जाता है।

अखंड कीर्तन शुरू, 25 को होगी विशाल भजन संध्या, दरबारों में हुआ पूजन

चानणा धाम के 56वें वार्षिक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

सीमा सन्देश # पदमपुर



सिद्ध पीठ श्री हनुमान चानणा धाम में 56वें वार्षिक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम मंदिर परिसर के विभिन्न प्रमुख दरबारों में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। यह पूजन ऋषिकुमार शास्त्री, रामचंद्र शास्त्री एवं राजेंद्र शर्मा के द्वारा मुख्य यजमानों से विधिवत संपन्न करवाया गया। तत्पश्चात बालाजी महाराज की असीम कृपा एवं ब्रह्मलीन प्रकाश रत्न, भक्त शिरोमणि महंत रामस्वरूप बागड़िया के आशीर्वाद से अखंड राम नाम कीर्तन का शुभारंभ महंत गोपीराम बागड़िया गुरुजी के कर-कमलों द्वारा किया गया। 25 अक्टूबर को अखंड कीर्तन का समापन एवं विशाल जागरण होगा। रात्रि 8:15 बजे ज्योति प्रज्वलित कर विशाल भजन संध्या होगी। इसमें संतोष व्यास एंड पार्टी रींगस, कमल आर्ट ग्रुप अबोहर, हर्ष अग्रवाल दिव्य चैनल वाले, दास संकीर्तन मंडल चानणा धाम, किरण जग्गा, काली म्यूजिकल ग्रुप श्रीगंगानगर भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर प्रबंध समिति के प्रधान राकेश कुमार गोयल, उपप्रधान विक्रमजीत वर्मा, मेला प्रभारी पूर्ण सिंह चौहान, संरक्षक प्रभाती लाल मित्तल, चरणजीत सोनी, अमरचंद भादू, महावीर अरोड़ा, दलीप बिश्नोई, ताराचंद कंबोज, सुधीर बागड़िया आदि उपस्थित रहे।

वाटरवर्क्स के चैंबर में चार दिनों से मरा पड़ा है कुत्ता, वार्डवासियों में रोष

सीमा सन्देश # सादुलशहर



सादुलशहर के विभिन्न वार्डों में दूषित एवं बदबूदार पेयजल सप्लाई होने के मामले रोज-रोज प्रकाश में आते हैं। अब हद इस पार हो गई कि वार्ड नंबर चार रेलवे फाटक के सामने रोड पर पीएचईडी के खुले पडे चैंबर में एक मरा हुआ कुत्ता करीब चार दिनों से पडा है। गल-सड़ एवं फूल चुका कुत्ता एवं कूडा-कचरा, डिस्पोजल आदि भी पडा हुआ है। इसी में से पानी सप्लाई हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रतीक शर्मा सहित कई वार्डवासियों ने बताया कि पीएचईडी वालों को कई दफा सूचना दी गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही। दुर्भाग्य यह भी है कि एईएन सादुलशहर मुख्यालय पर रहती नहीं है। जेईएन मिलता नहीं है। वार्ड के लोग गंदा दूषित पानी मजबूरी में पी रहे हैं। वार्डवासियों ने पीएचईडी अभियंताओं एवं प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। जिला एवं उपखंड प्रशासन इस ओर तुरंत ध्यान देकर कार्रवाई करें, ताकि कोई महामारी न फैल सके।

एईएन-जेईएन ने नहीं किया फोन रिसीव: पीएचईडी की एईएन मैडम सोनू एवं जेईएन अश्विनी मीणा ने कॉल रिसीव नहीं की। सहायक अभियंता कार्यालय सूत्रों ने बताया कि एईएन मैडम श्रीगंगानगर से आना-जाना करती है। जेईएन भी अवकाश के कारण कार्यालय नहीं आए।

हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू

कीकरवाली। शहर रायसिंहनगर से एक बार फिर हरियाणा राज्य परिवहन निगम की फतेहाबाद डिपो से बस सेवा शुरू हो गई है। इस बस सेवा के शुरू होने से रायसिंहनगर क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा। यह बस सेवा लम्बे समय से बंद थी। इससे पहले रायसिंहनगर से फतेहाबाद व सिरसा के लिए हरियाणा रोडवेज की दो बसें चलती थी।

हादसे में बाइक सवार युवक घायल

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। धक्का बस्ती घड़साना निवासी दिलीप कुमार घड़साना से श्रीकरणपुर आ रहा था। भारतमाला रोड पर गांव 49 एफ बस स्टैंड के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गया। इससे वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर तुरंत पुलिस पहुंची और एम्बुलेंस द्वारा घायल युवक को यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।

सादुलशहर : बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित

सीमा सन्देश # सादुलशहर



विजयदशमी पर बजरंग दल द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। संत-महात्माओं के सान्निध्य तथा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शस्त्र पूजन किया गया। हिंदू संस्कृति, धर्म एवं सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के साथ संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बजरंग दल की नई कार्यकारिणी का गठन कर कार्यकताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। डेरा बाबा ध्याननाथ, श्रीश्री श्रवणनाथ जी महाराज का संत सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में गुरप्रताप सोनी उपस्थित रहे। अध्यक्षता केवल अग्रवाल खंड संघ चालक ने की। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री मोहन ग्रोवर ने विचार रखे। नई कार्यकारिणी में एडवोकेट कर्ण खीचड़ प्रखंड संयोजक, फार्मजीत न्योल एवं अनमोल शर्मा प्रखंड सह-संयोजक, हरविंदर सिंह बलोपासना प्रमुख, सौरभ शर्मा सुरक्षा प्रमुख, अनिल सिहाग को मिलन प्रमुख, सौरभ शेखावत को विद्यार्थी प्रमुख, मनजीत डेलू गोरक्षा प्रमुख, दीपक नागर सह विद्यार्थी प्रमुख तथा नरेश कुमार सह-सुरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, युवाओं की सकारात्मक भूमिका, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और समाज में एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। विजयदशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम ने कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया। अंत में संगठन के कार्यकताओं ने आपसी समन्वय के साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष प्रदीप खीचड़, उपाध्यक्ष अशोक धमीजा, भाजपा के जिला महामंत्री रामावतार यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप सिंगला, संरक्षक रतनलाल गोयल, बीके संगम अध्यक्ष हनुमान झोरड़, डॉ. पूर्ण सिंह, एडवोकेट संजीव सिहाग, विश्व हिंदू परिषद के अशोक सिंधी, सतीश कुडवाला, मोहित सिडाना, केशव काकड़िया, दमन गौड़, अमित गौड़ आदि गणमान्य नागरिकों ने शस्त्र पूजन किया।

सूरतगढ़: शारदीय नवरात्रा पर मंदिरों में हवन और कन्या पूजन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर दुर्गा नवमी पर विभिन्न मंदिरों और घरों में हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। आदर्श कॉलोनी स्थित श्री चिंतपूर्णी दुर्गा महाकाली मंदिर में 10 दिवसीय नवरात्र महोत्सव का समापन हवन, कंजक पूजन और लंगर भंडारे के साथ हुआ। मुख्य पुजारी शास्त्री रघुवीर शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न करवाया, जिसमें मंदिर कमेटी पदाधिकारियों और यजमानों ने आहुतियां दीं। नवदुर्गा की पूजा-अर्चना कर केक काटकर भोग लगाया गया। कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया और भंडारे का शुभारंभ हुआ। शाम को खेत्री प्रवाह के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान प्रधान मनोहर लाल कवातड़ा, अशोक सेतिया, कर्मचंद मुंजाल, सत्येंद्र मुंजाल, लाल डोडा, बंटी बब्बर, वनीता मुंजाल, किरण भुआल, सीमा बाघला और निशा कवातड़ा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी तरह ढाब के पास प्राचीन श्री करणी माता मंदिर में मुख्य पुजारी पं. महेंद्र शर्मा ने हवन करवाया और कंजक पूजन कर भंडारे में हलवा, छोले व पूरी का प्रसाद वितरित किया। इससे पहले रात्रि को माता का पारंपरिक डेरू जागरण आयोजित किया गया, जिसमें भजन गायकों ने मां करणी के जन्म व चमत्कारों की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रायसिंहनगर: पालिकाध्यक्ष अरविंद जोशी का गांव ठंडी में अभिनंदन

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। समीपस्थ गांव ठंडी में पीलीबंगा नगरपालिका के नगरपालिका



अध्यक्ष अरविंद जोशी का अभिनंदन किया गया। अपने पैतृक गांव ठंडी में चेयरमैन बनने के बाद प्रथम आगमन पर परिजनों, वरिष्ठ बुजुर्गों एवं ग्रामीणों द्वारा सत्कार किया गया। अरविन्द जोशी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि इस मिट्टी में जन्म लेने का अवसर मिला। आज वे जिस मुकाम पर हैं, वह बुजुर्गों के आशीर्वाद, परिवार के अटूट स्नेह का परिणाम है। इस दौरान गांव के वयोवृद्ध बुजुर्गों ने अरविंद जोशी के सिर पर हाथ रखकर उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल का आशीर्वाद दिया।

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ।। ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ।।

शोक सन्देश

आपको दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय माताजी



सरदारनी महेन्द्र कौर

(धर्मपत्नी स्व. स. जगीर सिंह भुल्लर) का स्वर्गवास 15 अक्टूबर 2026 को हो गया। उनकी आत्मिक शांति के लिए सत्संग व अंतिम अरदास दिनांक 24 अक्टूबर 2026 शनिवार को डेरा सत करतार, 7-ओ, तहसील श्रीकरणपुर में दोपहर 12 से 01 बजे तक होगी।

शोकाकुल परिवार: स्व. चरण सिंह भुल्लर, करनैल सिंह भुल्लर, स्व. कर्मसिंह भुल्लर (पुत्र), हिम्मत सिंह भुल्लर, जोबन सिंह भुल्लर, निर्मल सिंह भुल्लर (पौत्र), चक 10-ओ, तेजेवाला (श्रीकरणपुर) एवं समस्त भुल्लर परिवार। मो. 98674-94195

आयोजन | आच्छे काम नै करण में देरी नीं करणी...

राजस्थानी रामलीला में रावण वध के साथ गूंजा संदेश

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



हनुमान चौक पर राजस्थानी रामलीला की नवमी रात रावण दरबार, मेघनाद वध, अहिरावण वध, राम-रावण युद्ध सहित 14 दृश्यों का भावपूर्ण मंचन किया गया। राजस्थानी लोकगीतों, संवादों व लोकनाट्य शैली ने दर्शकों को बांधे रखा। रावण की मृत्यु से पहले दिया गया संदेश 'आच्छे काम नै करण में देरी नीं करणी, माड़ो काम जितो हो सके टाल्यों जा सके।' वर्तमान समय में भी अच्छे कार्यों की प्राथमिकता का महत्व समझा गया। साहित्यकार मनोज कुमार स्वामी के निर्देशन में आयोजित रामलीला का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय कोच व द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर सैनी, वरिष्ठ बैंककर्मी श्रीकांत दईया व युवा चिकित्सक डॉ. सुरेश परिहार सहित अतिथियों ने भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की आरती कर किया। अहिरावण की भूमिका में हरीश स्वामी, मकरध्वज के रूप में 11 वर्षीय धीरेंद्र स्वामी व छोटे सैनिक की भूमिका में आठ वर्षीय दीपेश स्वामी के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। बड़ी मां गवरी की लोकनाट्य प्रस्तुति पर दर्शक राजस्थानी गीतों के साथ झूम उठे। अतिथियों ने कहा कि राजस्थानी रामलीला अपनी भाषा, साहित्य व संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। इस दौरान यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन, जयपुर द्वारा राजस्थानी भाषा, साहित्य व संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन के लिए वरिष्ठ साहित्यकार, निर्देशक मनोज कुमार स्वामी को 51 हजार रुपए देने की घोषणा की गई। आयोजन समिति संरक्षक मुरलीधर उपाध्याय ने यह घोषणा करते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष मेघराज सिंह रॉयल व प्रोजेक्ट हेड केके बोहरा का आभार जताया। सूत्रधार डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ ने राजस्थानी दोहों के माध्यम से भाषा-संस्कृति के विविध रंग प्रस्तुत किए। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य पवन गोयल ने आभार जताया।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ मेरी पुत्री मानवी (MANVI) के विद्यालय रिकॉर्ड में उसके पिता का नाम उग्रसेन (UGERSEN) सहवन से दर्ज हो गया, जबकि मेरा सही व सत्य नाम उग्रसेन (UGARSAIN) है। कृपया त्रूटि सुधार करें। - उग्रसैन (UGARSAIN) पुत्र सोहनलाल जाति जाट निवासी अयालकी, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

■ I Have Changed My Name Dalip Kumar Gilra To Dilip Kumar Gilra S/O Ramashwar Lal Gilra R/O Ward no 14, Poolise Thane Ke Pas. Nohar Distt Hanumangarh Plz Note all Concern

■ I Have Changed My Name Muskan To Muskan Sharma D/O Sachin Sharma R/O H no 189, Sec no 03,Ward no.29, Hanumangarh Town Distt Hanumangarh Plz Note all Concern

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

✷ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

मस्क बोले- अमेरिका के हर बच्चे को दूंगा स्पेस एक्स का एक शेयर; कितनी है कीमत?



एलन मस्क ने घोषणा की है कि वह 2027 में अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर देंगे। एक शेयर की कीमत $146.03 यानी करीब 13,849 है। मस्क ने इसे कई योजनाओं में से पहला कदम बताया। उनकी इस घोषणा वाली पोस्ट को 6 मिलियन से अधिक बार देखा गया जिस पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं।

पाकिस्तान में भयंकर आर्थिक सुस्ती! इकोनॉमी ग्रोथ घटकर हुई महज 3.65%



पाकिस्तान में आर्थिक सुस्ती बढ़ गई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाकर 3.65% कर दिया गया है जो पहले 3.70% था। पहले 4% ग्रोथ का लक्ष्य रखा गया था। वहीं, इंडस्ट्रियल सेक्टर की ग्रोथ 3.51% से घटकर 3.34% और सर्विस सेक्टर की 4.09% से 3.81% रह गई जबकि कृषि ग्रोथ 2.89% से बढ़कर 3.50% हुई।

एप्पल इंडिया की सेल्स 1.03 लाख करोड़ पार, मुनाफा 66% उछला



वित्त वर्ष 2026 में एप्पल इंडिया का रेवेन्यू 31% बढ़कर 1,03,853 करोड़ रुपए हो गया, जबकि नेट प्रॉफिट 66% उछलकर 5,311 करोड़ रुपए पहुंचा। प्रीमियम स्मार्टफोन की बढ़ती मांग, टियर-2 शहरों में विस्तार और आसान फाइनेंसिंग विकल्पों ने ग्रोथ को रफ्तार दी। वहीं, सैमसंग के मोबाइल रेवेन्यू में 1.4% की गिरावट आई।

नेपाल ने भारतीय बिस्किट पर लगाया बैन, प्रियागोल्ड को स्टॉक हटाने का दिया आदेश



नेपाल ने भारतीय बिस्किट ब्रांड प्रिया गोल्ड के आयात, बिक्री और डिस्ट्रीब्यूशन पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य विभाग ने 19 अक्टूबर को आदेश देकर प्रिया गोल्ड बिस्किट का स्टॉक हटाने को कहा है। यह कार्रवाई भारत में FSSAI की जांच के बाद की गई जिसमें बिस्किट में ऐसा चोकर मिला था जो पशुओं के चारे में इस्तेमाल होता है।

फ्लिपकार्ट की फूड डिलीवरी सर्विस की टेस्टिंग हुई शुरू, 8000 कर्मचारी कर रहे इस्तेमाल: रिपोर्ट



टेकक्रंच की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लिपकार्ट अपनी फूड डिलीवरी सर्विस की बेंगलुरु में टेस्टिंग कर रही है जिसका इस्तेमाल अब करीब 8,000 कर्मचारी कर रहे हैं। बकौल रिपोर्ट, कंपनी अक्टूबर के आखिर तक इसे लॉन्च कर सकती है। गौरतलब है, 'ईट-इन बाय मिनट्स' नाम की इस सेवा के जरिए फ्लिपकार्ट स्विगी और जोमैटो को टक्कर देने की तैयारी में है।

आकाशगंगा के केंद्रीय ब्लैक होल के आसपास की गैस धातुओं से भरपूर है: स्टडी




मैकगिल यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने पाया कि मिल्की-वे के केंद्र में स्थित विशालकाय ब्लैक होल सैजिटेरियस A* के चारों ओर मौजूद गैस में धातुओं की मात्रा अधिक है। उनके मुताबिक, समय के साथ तारों में हुए विस्फोटों से निकले पदार्थ आसपास जमा होने के कारण ऐसा हुआ होगा। खगोल विज्ञान में हाइड्रोजन और हीलियम से भारी तत्व धातु कहलाते हैं।

मेटा ने गलती से वॉट्सऐप के एआई नियम कर दिए लीक



मेटा ने गलती से अपनी वेबसाइट के करीब 80 पेज पर वॉट्सऐप के एआई सपोर्ट चैटबॉट की आंतरिक गाइडलाइंस उजागर कर दीं। साइबर सुरक्षा फर्म रेडैक्ट को पेजों के कोड में छिपे टेक्स्ट के करीब 100 ब्लॉक मिले। इनमें 'क्या नहीं कहना है' जैसे निर्देश भी शामिल थे जो चैटबॉट को सवालों का जवाब देने तरीका बताते थे।



कोलकाता की शान

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित ऐतिहासिक विक्टोरिया मेमोरियल आज भी शहर की प्रमुख पहचान बना हुआ है। सफेद मकराना संगमरमर से तराशी गई यह भव्य इमारत अपनी बेजोड़ वास्तुकला के लिए दुनिया भर में मशहूर है। वर्ष 1906 से 1921 के बीच निर्मित यह स्मारक महारानी विक्टोरिया की स्मृति को समर्पित है। 64 एकड़ के विशाल हरे-भरे उद्यानों के बीच स्थित इस भवन के केंद्रीय गुंबद पर लगी कांस्य प्रतिमा हवा के साथ घूमती है। शाम ढलते ही झील के पानी में इसका अक्स पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। वर्तमान में यह देश का एक प्रमुख संग्रहालय है।

सिमरन, प्रणव और दीप्ति ने जीते गोल्ड

पैरा एशियन गेम्स • भारत को 5 सिल्वर, 11 ब्रॉन्ज मेडल भी मिले

भारत ने पैरा एशियन गेम्स के दूसरे दिन पुरुषों के डिस्कस थ्रो की दो स्पधाओं में 5 मेडल जीतकर क्लीन स्वीप किया। देवेंद्र कुमार ने गोल्ड, राकेश ने सिल्वर और प्रदीप कुमार ने ब्रॉन्ज जीता। वहीं, प्रणव सूरमा ने गोल्ड और राम रतन सिंह ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। भारत ने दूसरे दिन एथलेटिक्स, पैरा टेबल टेनिस, शूटिंग, पावरलिफ्टिंग और स्विमिंग में कुल 24 मेडल जीते। निषाद कुमार ने हाई जंप T47 में गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, जबकि दीप्ति जीवनजी और सिमरन शर्मा ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किए। भारत के अब तक 9 गोल्ड, 11 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज सहित कुल 35 मेडल हो गए हैं।

निषाद ने हाई जंप में जीता गोल्ड



भारत के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की हाई जंप टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। निषाद ने 2.04 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उनकी इस उपलब्धि से नागोया में भारतीय अभियान को एक और बड़ी सफलता मिली। निषाद ने शुरूआत से ही शानदार लय दिखाई। उन्होंने 1.88 मीटर, 1.94 मीटर, 1.98 मीटर और 2.02 मीटर की ऊंचाई को अपने पहले ही प्रयास में पार कर लिया। इसके बाद उन्होंने 2.04 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक और गेम्स रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद निषाद कुमार ने 2.06 मीटर की ऊंचाई पार करने का प्रयास किया, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सके। हालांकि, 2.04 मीटर की उनकी रिकॉर्डतोड़ छलांग ने उन्हें शीर्ष स्थान दिलाने के लिए पर्याप्त साबित हुई।

सृष्टि ने एयर पिस्टल में जीता कांस्य



महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में भारतीय निशानेबाज सृष्टि ने 214.7 अंक हासिल करके कांस्य पदक जीता। उन्होंने फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करते हुए भारत के पदक खाते में एक और पदक जोड़ा। ईरान की फैजेह अहमदी ने 237.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन सारेह जवानमर्दी 237.0 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की दूसरी निशानेबाज सुमेधा पाठक 111.4 अंक के साथ फाइनल से बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।

प्रणव सूरमा ने डिस्कस थ्रो में गोल्ड अपने नाम किया



प्रणव सूरमा ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ51/52/53 फाइनल में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 932 रजा पॉइंट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत के ही राम रतन सिंह 809 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इस तरह भारत ने इवेंट में गोल्ड और सिल्वर दोनों मेडल अपने नाम किए। प्रणव ने छह प्रयासों में 11.66 मीटर का बेस्ट थ्रो किया।

सिमरन ने 200 मीटर टी12 में गोल्ड जीता



भारत की सिमरन शर्मा ने 200 मीटर ळ12 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 24.80 सेकेंड का समय निकालकर एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड बनाया। भारत की तेजलबेन डामोर ने 25.23 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि ईरान की हजर सफरजादेह 25.02 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

दीप्ति ने लगातार दूसरी बार सोना जीता



दीप्ति ने लगातार दूसरी बार इस इवेंट का गोल्ड जीता है। उन्होंने 2022 में 56.59 सेकेंड का समय लिया था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.23 सेकेंड का सुधार किया। जापान की नीना कानो ने सिल्वर और अकारी काटो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 23 साल की दीप्ति तेलंगाना की रहने वाली हैं। वे 2 बार पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुकी हैं।

मनीष नरवाल ने 10 मीटर पिस्टल में सिल्वर जीता



भारतीय शूटर मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल रल्1 कैटेगरी का सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 8 खिलाड़ियों के फाइनल में 233.7 अंक बनाए। मनीष ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालिंपिक्स का कोटा भी हासिल किया। उनसे पहले मोना अग्रवाल और अवनी लेखरा कोटा दिला चुकी हैं।

आयुष ने जीता ब्रॉन्ज

आयुष वर्मा ने 17.88 मीटर के थ्रो के बावजूद ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्हें रजा पॉइंट्स के आधार पर पोडियम में जगह मिली।ईरान के एरफान बंडोरी ने 30.24 मीटर के गेम्स रिकॉर्ड थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता।

अशोक को सिल्वर

पैरा पावरलिफ्टिंग में अशोक ने पुरुषों के 65 किग्रा तक वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 192 किग्रा वजन उठाया। चीन के झोउ यी ने 216 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड जीता, जबकि भारत के मागोनी 177 किग्रा वजन के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहे। चीन के एक अन्य खिलाड़ी झोउ शिवेई ने 210 किग्रा वजन उठाने का प्रयास किया, लेकिन तीनों कोशिशों में असफल रहे। अगर वे एक बार भी सफल होते, तो अशोक दूसरे स्थान से खिसक सकते थे। तीनों प्रयास विफल रहने के कारण झोउ शिवेई का स्कोर दर्ज नहीं हुआ।

टेबल टेनिस में 4 ब्रॉन्ज मेडल आए

भारतीय पैडर्स ने पैरा टेबल टेनिस में चार ब्रॉन्ज जीते। रवि बेबी साहना और प्राची पांडे एशियन पैरा गेम्स की स्टैंडिंग कैटेगरी में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी बने। भाविना पटेल और सोनलबेन पटेल ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीते। सभी चारों खिलाड़ी अपने-अपने महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में पैरालिंपिक मेडल विजेताओं से हार गईं। इन मेडल्स के साथ भारत ने पिछले एशियन पैरा गेम्स का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया।

डिस्कस थ्रो में भारत का क्लीन स्वीप, देवेंद्र को सोना, राकेश को रजत



एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो F43/F44/F62/F64 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों पदकों पर कब्जा जमा लिया। देवेंद्र कुमार ने स्वर्ण, राकेश ने रजत और प्रदीप कुमार ने कांस्य पदक जीता। इस तरह भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर पहले तीनों स्थान हासिल कर देश का मान बढ़ाया। देवेंद्र कुमार ने 49.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, राकेश 49.35 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रदीप कुमार ने 51.15 मीटर का थ्रो किया, लेकिन रजा पॉइंट सिस्टम के आधार पर उन्हें तीसरा स्थान मिला।

दूसरे प्रयास में देवेंद्र ने हासिल की बढ़त : देवेंद्र कुमार ने अपने पहले प्रयास में 48.85 मीटर का थ्रो किया था। इसके बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में 49.71 मीटर की दूरी हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। उनका यह प्रदर्शन स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त रहा। राकेश ने भी शानदार प्रदर्शन किया और चौथे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो 49.35 मीटर दर्ज किया। वह देवेंद्र के बाद दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक जीता।

रणजी ट्रॉफी: साई किशोर की हैट्रिक से तमिलनाडु की एकतरफा जीत, अन्य मैचों में भी रोमांचक मुकाबले

साई किशोर की शानदार गेंदबाजी, 10 विकेट लिए, उत्तराखंड पारी और 66 रन से पस्त

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और 66 रन से हरा दिया। जीत के सूत्रधार कप्तान व लेफ्ट आर्म स्पिनर आर. साई किशोर रहे, जिन्होंने हैट्रिक सहित मैच में 10 विकेट चटकाए। पहली पारी में उत्तराखंड 134 रन पर सिमट गया, जवाब में तमिलनाडु ने 313 रन बनाकर 179 रन की बढ़त ली। दूसरी पारी में भी उत्तराखंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई और टीम मात्र 113 रन पर ढेर हो गई। स्पिनर एस. अजीत राम ने भी 4 विकेट लिए।



विदर्भ ने 26 रन पर 6 विकेट गंवाकर भी जीता मुकाबला : विदर्भ ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 3 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। 79 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने महज 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद मंदार महाले (25), हर्ष दुबे (22*) और नचिकेत भूटे (13*) ने धैर्यपूर्ण पारियां खेलकर टीम को जीत दिला दी।

बंगाल और उत्तर प्रदेश को मिली शानदार जीत : बंगाल ने सर्विसेज को 60 रन से हराकर सीजन की लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बंगाल ने सर्विसेज को 209 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में सर्विसेज 148 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश ने गोवा को 68 रन से शिकस्त दी। यूपी के लिए पहली पारी में रिंकू सिंह ने 118 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में कप्तान आर्यन जुयाल (74) और यश दयाल (14 गेंदों पर 36) चमके।

असम की जीत, सरफराज और ऋतुराज के धमाकेदार शतक : असम ने मोहित ठाकुर के 8 विकेट के दम पर त्रिपुरा को 9 विकेट से मात दी। अन्य मुकाबलों में सिक्किम ने अरुणाचल प्रदेश को पारी और 328 रन से रौंद दिया। वहीं मुंबई के लिए सरफराज खान (154) और आकाश आनंद ने शतक जड़े। महाराष्ट्र के लिए ऋतुराज गायकवाड (101*) और अंकित बावने (169*) ने नाबाद शतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, बुधवार, 21 अक्टूबर, 2026

श्रीगंगानगर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी महापर्व, 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन, रामलीला मैदान में लोग उमड़े

अहंकार का हुआ सर्वनाश

बुराई पर अच्छाई की जीत



श्रीगंगानगर। रामलीला मैदान में विजयदशमी के अवसर पर सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों को धू-धू कर जलते हुए देखा।

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक पावन विजयदशमी महापर्व मंगलवार को सुखाड़िया सर्किल के निकट रामलीला मैदान में अत्यंत धूमधाम, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। 75वें विजयदशमी महोत्सव को लेकर शहरवासियों और श्रद्धालुओं में सुबह से ही अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में हजारों की संख्या में आमजन ने शिरकत कर बुराई के अंत के इस पर्व का साक्षी बनने का गौरव प्राप्त किया।

सुरक्षा-जन-सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम

महोत्सव में उमड़ने वाली भारी भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रामलीला मैदान के मुख्य प्रवेश द्वार सहित अंदर और बाहर पर्याप्त मात्रा में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। सुखाड़िया सर्किल और आसपास के सभी चौक-चौराहों पर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। दर्शकों की सुविधा के लिए मैदान में कुर्सियों और सीढ़ीनुमा स्थानों पर बैठने की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन, आधुनिक अग्निशमन यंत्र और एम्बुलेंस की चाक-चौबंद व्यवस्था स्थल पर की गई थी।



विशालकाय पुतले, विशेष आकर्षण

मैदान में रावण, मेघनाद और कुंभकरण के विशालकाय और कलात्मक पुतले पूरी शान से स्थापित किए गए थे। कारीगरों ने सोमवार रात ही पुतलों के निर्माण, मजबूती, संतुलन और आतिशबाजी की सुरक्षित फिटिंग से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया था। इस वर्ष रावण का पुतला पूरे 70 फुट ऊंचा बनाया गया था, जबकि मेघनाद और कुंभकरण के पुतले 65-65 फुट के थे। इस बार रावण के पुतले को पारंपरिक राजस्थानी धोती और जूती पहनाई गई थी, जो स्थानीय संस्कृति की अनूठी छाप छोड़ रही थी। इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी, विशेष ध्वनि प्रभाव, रावण की आंखों से अंगारे निकलते हुए दृश्य और उसकी नाभि में घूमने वाला चक्र दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इन्हें देखकर बच्चे और बड़े सभी रोमांचित हो उठे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लाइव प्रसारण

महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। भोला पंछी भंगड़ा ग्रुप की ओर से पारंपरिक ऊर्जावान भांगड़ा, गिद्धा और अन्य मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। युद्ध मंचन के बाद सबसे पहले मैदान में ही बनाई गई भव्य लंका का दहन भगवान हनुमान के दूत रूपी स्वरूप द्वारा किया गया। इसके बाद निर्धारित परंपरा के अनुसार क्रमिक रूप से पहले मेघनाद, फिर कुंभकर्ण और अंत में महाबली रावण का पुतला अग्निबाण चलाकर भगवान राम और लक्ष्मण के स्वरूपों द्वारा दहन किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मुख्य अतिथि जयदीप बिहाणी व विशिष्ट अतिथि सभापति लक्की दावड़ा थे। आयोजन को सफल और यादगार बनाने में महावीर दल के कोषाध्यक्ष तिलोकचंद पाण्डुसरिया, उप प्रधान जयकिशन सिंगल, श्रीभगवान साहू, उप मंत्री सुशील सिंघल, कैप्टन प्रदीप शर्मा, उप कैप्टन रामसिंह वर्मा, भंडार नायक जय भगवान वर्मा, निरीक्षक रायसिंह कुलड़िया तथा कार्यकारिणी सदस्य किशनलाल मील, सुभाष शेरेवाला, राजेश जिंदल, अजय गोयल, राजन लीला, महेंद्र सिंगल, रमेश गर्ग, चांदरतन गहलोत, किशनलाल सिंगला व राजेश गोयल सहित पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई। आयोजन को संपन्न कराने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद, प्रेस और हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

जयपुर में जीरो एफआईआर पर रार: मदन राठौड़ का कांग्रेस पर तंज, बोले-कानून नहीं जानते नेता

जयपुर।



दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान रितु बराला के साथ कथित मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस की महिला कर्मी के खिलाफ जयपुर में 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराने को लेकर कांग्रेस नेताओं का पुलिस कमिश्नरेट पर प्रदर्शन जारी है। इस मामले पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि उन्हें राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं की समझ पर आश्चर्य होता है, क्योंकि वे कानून की बुनियादी जानकारी तक नहीं रखते। राठौड़ ने आरोप लगाया कि जहां घटना घटी है, कानूनी प्रक्रिया वहीं होती है। कांग्रेस नेता आलाकमान के इशारे पर श्रेय लेने के लिए नाटक रच रहे हैं और त्योहार का माहौल खराब कर अव्यवस्था फैला रहे हैं। वहीं, जयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि रितु बराला ने 13 अक्टूबर, 2026 को दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में पहले ही शिकायत दर्ज करवा दी थी, जिसकी जांच वहां की पुलिस कर रही है। ऐसे में जयपुर में दोबारा जीरो एफआईआर दर्ज करना विधिसम्मत नहीं है।

फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा, 10 काबू

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने भांकरोटा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 2 युवतियों सहित 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी आईफोन की तकनीकी समस्या दूर करने के बहाने अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर खातों की गोपनीय जानकारी जुटाते और करोड़ों की ठगी करते थे। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के अनुसार, आरोपी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर पीड़ितों को झांसे में लेते थे। मौके से 19 मोबाइल और 12 लैपटॉप बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, नगालैंड और मणिपुर के रहने वाले हैं।

पंजाब में 8 करोड़ की हेरोइन सहित 3 तस्कर गिरफ्तार; जेल से चल रहा था नेटवर्क

फाजिल्का। एनसीबी की टीम ने नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत सफलता हासिल करते हुए फाजिल्का के इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान 8 करोड़ की हेरोइन सहित 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक गलॉक पिस्टल व कुछ जिंदा कारतूस भी मिले हैं । जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए तस्करों में जसविंदर सिंह निवासी फिरोजपुर कैंट और पवनदीप सिंह निवासी नौशहरा पनुआ तरनतारन और एक नाबालिग शामिल है। तीनों तस्करों को फिरोजपुर फाजिल्का रोड पर स्थित एक रिसॉर्ट के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब हेरोइन की खेप को डिलीवर करने के लिए जा रहे थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि जेल में बंद एक तस्कर इस गैंग को संचालित कर रहा था जिसकी पहचान कर ली गई है और अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

रॉ-मैटीरियल और लागत बढ़ी : श्रीगंगानगर के व्यापारी शिवकाशी से मंगवाते हैं स्टॉक, यहां से जिले में होती है सप्लाई

10% तक महंगे हुए पटाखे; प्रतिस्पर्धा और कम मार्जिन से श्रीगंगानगर में फुलझड़ी, सूतली बम का निर्माण घटा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

दीपावली की तैयारियों के साथ श्रीगंगानगर में पटाखा कारोबार भी गति पकड़ने लगा है। कच्चे माल की कीमतें बढ़ने और मजदूरी महंगी होने के कारण पटाखों के दामों में करीब 8 से 10 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। वहीं, समय के साथ ग्राहकों की पसंद भी बदली है। कभी खूब बिकने वाले सूतली बम का क्रेज घटा है, जबकि मल्टी शॉट क्रेकर्स की मांग बढ़ी है। फुलझड़ी, अनार, चकरी और रॉकेट जैसे पारंपरिक पटाखे बाजार का हिस्सा बने हुए हैं।

बीकानेर-किशनगढ़ में भी निर्माण, लेकिन ज्यादा सौदे शिवकाशी से: पटाखा कारोबारी मोहम्मद हैदर और तैमूर हैदर बताते हैं कि जिले में तमिलनाडु के शिवकाशी से अधिकांश पटाखे मंगवाए जाते हैं। मुर्गा, स्टैंडर्ड और कृष्णा जैसे ब्रांड प्रचलन में हैं। बीकानेर-किशनगढ़ में भी बड़ी फैक्ट्रियां हैं, लेकिन लेकिन व्यापारी शिवकाशी से ही सौदे करते हैं।



श्रीगंगानगर का पटाखा बाजार



बदलाव ये भी...सूतली बम का क्रेज अब पहले जैसा नहीं रहा, 25 से 500 मल्टी शॉट क्रेकर्स की डिमांड

पटाखा व्यवसायियों के मुताबिक एक समय श्रीगंगानगर क्षेत्र में सूतली बम की बड़े स्तर पर बिक्री होती थी, लेकिन अब बाजार की पसंद में बदलाव आया है। सूतली बम की जगह शॉट्स वाले पटाखों ने ले ली है। हैदर के अनुसार, 12, 25, 50, 60, 100, 200 और 500 शॉट वाले मल्टी शॉट क्रेकर्स लोग काफी खरीदते हैं। इनकी मांग केवल दीपावली तक सीमित नहीं रहती, बल्कि अन्य खुशी के मौकों पर भी ऐसे पटाखे खूब बिकते हैं। अनार जमीन पर रंगीन रोशनी बिखेरने और चकरी घूमते हुए रोशनी पैदा करने के लिए पसंद की जाती है। रॉकेट आसमान में जाकर रोशनी फैलाने वाली आतिशबाजी के रूप में पहचाने जाते हैं।

कभी श्रीगंगानगर की फैक्ट्रियों में बड़े पैमाने पर बनते थे फुलझड़ी, ग्रीन धागे वाले हाइड्रो और सूतली बम



एक समय श्रीगंगानगर में फुलझड़ी, सूतली बम और ग्रीन धागे वाले हाइड्रो बम सहित कई तरह के पटाखों का स्थानीय स्तर पर निर्माण होता था। इसके लिए कई फैक्ट्रियां संचालित होती थीं। अब स्थानीय स्तर पर इनका निर्माण काफी कम हो गया है। कारोबारियों के अनुसार, बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने और मुनाफे का मार्जिन कम होने से स्थानीय निर्माताओं के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं।

12 वर्षों में 5 गुना बढ़ा खादी का कारोबार; पहली बार टर्नओवर 1.87 लाख करोड़, 56 प्रतिशत बढ़े रोजगार

हैदराबाद। देश का खादी एवं ग्रामोद्योग अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 12 वर्षों (2013-14 से 2025-26) में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 501% (करीब 5 गुना) का भारी उछाल आया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह टर्नओवर ऐतिहासिक स्तर 1.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि कुल उत्पादन 380% बढ़कर 1,25,296 करोड़ रुपये हो गया है।

राज्यों की हिस्सेदारी और 36 देशों में निर्यात : सूती खादी के उत्पादन में 38 से 45% हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है, जबकि गुजरात (12-15%) दूसरे स्थान पर है।



ऊनी खादी में जम्मू-कश्मीर (31%) पहले और हरियाणा (24%) दूसरे नंबर पर हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु रेशमी खादी में आगे हैं। वर्तमान में खादी ग्रामोद्योग के शहद, कुकीज व हर्बल उत्पाद अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन और कनाडा समेत दुनिया के 36 देशों में निर्यात हो रहे हैं। वर्ष 2022-23 में कुल सेक्टर का निर्यात 268 करोड़ रहा। 'वोकल फॉर लोकल' और ऑनलाइन स्टोर के विस्तार ने खादी को पारंपरिक पहचान से आगे ले जाकर युवाओं और वैश्विक बाजार का पसंदीदा ब्रांड बना दिया है।

रोजगार में 56% की वृद्धि, 80% भागीदारी महिलाओं की

कारोबार के साथ ही इस सेक्टर में रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। 2013-14 में जहां 1.30 करोड़ लोग इस क्षेत्र से जुड़े थे, वहीं अब यह आंकड़ा 56% बढ़कर 2.04 करोड़ पहुंच गया है। खादी के 5 लाख कारीगरों में 80% से अधिक महिलाएं हैं। चालू वित्त वर्ष में केवीआईसी के 35 प्रशिक्षण केंद्रों से 79,682 लोगों को स्किल ट्रेनिंग दी गई, जिनमें लगभग 59% (47,382) महिलाएं रहीं। इसके साथ ही कारीगरों का पारिश्रमिक 4 रुपये प्रति लच्छी से बढ़ाकर 15 रुपये प्रति लच्छी (840 गज सूत) कर दिया गया है।

नाव पलटने से चार बच्चे डूबे, 3 बचाए

कोटा। बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में 80 फीट रोड स्थित स्टील ब्रिज के पास चंबल नदी की दाईं मुख्य नहर में मंगलवार शाम दुर्गा विसर्जन के दौरान नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। नाव में संजय नगर (विज्ञान नगर) के 7 बच्चे सवार थे। संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई, जिसमें तैरना जानने वाले दीपक, माला कंवर व एक अन्य बाहर निकल आए, जबकि केशु, गोलू, सुरेश और राहुल गहरे पानी में डूब गए। घटना की सूचना पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कलेक्टर पीयूष समरिया और एसपी तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और नगर निगम के गोताखोर लापता बच्चों की तलाश में जुटे हैं। एसपी ने बताया कि यह अनाधिकृत विसर्जन स्थल था।

फ्रांस हिंसा: प्रदर्शनकारियों के निशाने पर आई ई-बाइक्स, चार करोड़ का नुकसान

पेरिस। फ्रांस में महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं को लेकर भड़की हिंसा में राजधानी पेरिस की सड़कों पर सैकड़ों इलेक्ट्रिक बाइकें जला दी गईं। सड़कों और डॉकिंग स्टेशनों पर आसानी से उपलब्ध होने के कारण उपद्रवियों ने बैरिकेड लगाने और आगजनी के लिए ई-बाइकों को आसान जरिया बनाया। शेयर मोबिलिटी कंपनियों 'डॉट', 'लाइम' और 'स्मोवेंगो' के 600 से अधिक वाहन नष्ट हो गए, जिससे करीब 4 लाख यूरो (लगभग 4 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। देशव्यापी दंगों में 3,000 से अधिक दुकानें लूटी गईं और 2,400 लोग गिरफ्तार हुए हैं। स्थिति नियंत्रित करने के लिए सरकार आंशिक कर्फ्यू पर विचार कर रही है।



दो बाइकों की भीषण भिड़ंत, लगी आग, 3 की दर्दनाक मौत

सिरोही। आबू रोड क्षेत्र में तलवार नाका के पास देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सहायक उप-निरीक्षक रामनाथ के अनुसार, तेज रफ्तार के कारण हुई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग भड़क उठी और वे जलकर खाक हो गए। दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528